दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
नई दिल्ली। रविवार 25 मई-2025 | वर्ष: 10 अंक: 155 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य: ₹3







# नीति आयोग की बैठक में 36 में से 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने हिस्सा लिया

## 'निवेशकों को आकर्षित और रोजगार सृजन के लिए बाधाएं करें दूर', पीएम का राज्यों को सुझाव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से निवेश को प्रोत्साहित करने और रोजगार पैदा करने के लिए नीतिगत अड़चनों को दूर करने को कहा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर केंद्र सरकार और राज्य मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

### सभी ने ऑपरेशन सिंदूर का किया समर्थन- सुब्रह्मण्यम

नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि बैठक में मौजूद सभी लोगों ने सर्वसम्मति से पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए भारत की तरफ से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों से कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करने का भी आग्रह किया।



दिल्ली में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि, 'हमारे 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 31 ने इस बैठक में हिस्सा लिया। नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की यह अब तक की सबसे अधिक भागीदारी है...यह वास्तव में दशार्ता है कि लोग बहुत सकारात्मक सोच के साथ आए थे। पांच राज्य जो अनुपस्थित थे- कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल और बिहार- हमें पहले से ही सूचित कर दिया गया था। हमें पहले से ही पता था कि वे नहीं आ रहे हैं'।

### नीति आयोग की बैठक में शामिल थे दो एजेंडे

उन्होंने आगे बताया कि, 'बैठक के एजेंडे में कार्रवाई रिपोर्ट के अलावा दो आइटम शामिल थे। सबसे पहले, बैठक का विषय और एजेंडे में पहला आइटम 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य' था। पूरा विचार यह है कि पिछली गवर्निंग काउंसिल में, प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने-अपने राज्य के विजन तैयार करने का आह्वान किया था, ताकि उनके पास ऐसे विजन हों जो बाद में एक बड़े समूह में समाहित हो जाएं।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा और उनके पुत्र शुभांग अरोड़ा में नई दिल्ली में यूपी सदन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। शुभांग अरोड़ा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिवादन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# क्या हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर चल रही है अंदर ही अंदर किसी बड़े आंदोलन की तैयारी

## व्यापार मंडलों ने बनाई रणनीति और 40 पार्षद पहले ही कर चुके हैं बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम के बढ़े हुए हाऊस टैक्स को लेकर भले ही निगम प्रशासन साईलेंट मोड पर है लेकिन सूत्र बताते हैं कि ये मामला आने वाले समय में भाजपा के भीतर एक बड़े आंदोलन को जन्म दे सकता है। अभी तक इस मामले में पहले भाजपा के तीन पूर्व सीनियर पार्षद सामने आये। इनमें पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने तो यहां तक कहा कि अभी भी समय है और जनता माफ नहीं करेगी। इसके बाद नगर निगम के भीतर ही भाजपा के पार्षदों ने मोर्चा खोला। वो निगम के सभागार में एकत्र हुए। उससे भी पहले निगम के सदन में ये बात उठी थी कि जब तय हो गया था कि प्रस्ताव निरस्त होगा तो फिर नोटिस भेजने का क्या मतलब। इस पूरे मुद्दे पर मेयर सुनीता दयाल डिफेंसिव मोड में है। वो वेट एंड वाच वाले अंदाज में है। हाऊस टैक्स को लेकर अब व्यापार मंडल मैदान में आ गया है।



खास बात ये है कि व्यापार मंडलों के सभी पदाधिकारी कहीं ना कहीं भाजपा से जुड़े हैं। जब व्यापार मंडल के पदाधिकारी नगर निगम पहुंचे और उन्होंने वहां नारेबाजी की तो बताते हैं कि उसी समय मेयर भी वहां आईं थी लेकिन वो नहीं रूकी। इधर व्यापार मंडलों की रणनीति बन रही है और समोसे वाले के बढ़े हुए टैक्स से लेकर पेट्रोल पम्प वालों का लाखों रूपये का बिल आया है। ये सभी लोग मोर्चा खोलने की तैयारी में है। सूत्र बताते हैं कि इस पूरे मामले में भाजपा के भीतर ही एक आंदोलन हो सकता है।

### अधिकारी हैं सेफ क्योंकि राजस्व है बेस

करंट क्राइम। निगम के पूर्व पार्षद ये बता रहे हैं कि एक्ट के अनुसार हाऊस टैक्स इस तरह नहीं बढ़ाया जा सकता है। वहीं अधिकारी इस मामले में जुबानी तौर पर चुप है और एक्शन तौर पर वो वसूली नोटिस भेज चुके हैं। निगम सूत्र बताते हैं कि यहां मामला राजस्व को है और अगर तकनीकी पेंच फंसेगा तो अधिकारी राजस्व को बेस बनायेंगे और वो सेफ रहेंगे। यहां निगम के सदन को ये मामला उठाना है और निगम की मुखिया के रूप में मेयर को इस मामले में अपना रूख फेयर करना होगा।

### जनता में हताशा और विपक्ष देख रहा है तमाशा

करंट क्राइम। हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर एक रोचक पहलू ये है कि यहां सरकार वाले ही तकरार कर रहे हैं। यहां पक्ष वाले ही विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। ये पहली बार हो रहा है कि सरकार के पार्षद मोर्चा खोल रहे हैं। सरकार के पूर्व पार्षद कह रहे हैं कि जनता माफ नहीं करेगी। लेकिन तमाशा ये है कि जिस बढ़े हाऊस टैक्स को लेकर जनता में हताशा है उस मुद्दे पर विपक्ष तमाशा देख रहा है। समाजवादी पार्टी के किसी नेता ने हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर कोई मोर्चा नहीं खोला। कांग्रेस का कोई नेता इस मुद्दे को लेकर आंदोलन वाले अंदाज में नहीं है। बसपा तो पहले से ही जनमुद्दों पर खामोश रहती आई है। इस मामले पर केवल व्यापार मंडल आगे आयें है और इस मामले में भाजपा के मौजूदा और पूर्व पार्षद मोर्चा खोल रहे हैं। जिस मुद्दे को लेकर विपक्ष को सामने आना चाहिए, उस मुद्दे को लेकर भाजपा वाले आगे आये हैं।



# सरकार ने 2024-25 के लिए ईपीएफ पर 8.25% की ब्याज दर को मंजूरी दी

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने ईपीएफ पर ब्याज दर तय कर दी है। साल 2024-25 के लिए ये दर 8.25 फीसदी रहेगी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने इस दर की सिफारिश पहले ही कर दी थी। अब सरकार ने इसे मान लिया है। इस फैसले से देश भर के 7 करोड़ से ज्यादा नौकरी करने वाले लोगों को फायदा होगा। ये वो लोग हैं जो अपनी सैलरी से ईपीएफ में पैसा जमा करते हैं। पिछले साल यानी 2023-24 में भी ब्याज दर 8.25 प्रतिशत ही थी। उस साल ईपीएफओ ने 13 लाख करोड़ रुपये के मूलधन पर 1.07 लाख करोड़ रुपये की कमाई की थी, जो कि एक रिकॉर्ड था। अगर हम 2022-23 की बात करें तो ब्याज दर 8.15 प्रतिशत थी। उस साल 11.02 लाख करोड़ रुपये के मूलधन पर 91,151.66 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी।




**ऑटो-क्लेम सेटलमेंट का रेकॉर्ड :** ईपीएफओ ने इस वित्तीय वर्ष में 6 मार्च 2025 तक 2.16 करोड़ ऑटो-क्लेम सेटलमेंट किए हैं। ये भी एक रेकॉर्ड है। पिछले साल 2023-24 में ये आंकड़ा 89.52 लाख था। ऑटो-क्लेम सेटलमेंट का मतलब है कि लोगों को बिना ज्यादा कागजी कार्रवाई के अपने पैसे मिल गए।

**कैसे तय होती है ब्याज दर? :** ईपीएफ की ब्याज दर हर साल ईपीएफओ का सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज तय करता है। इस बोर्ड में मालिक, कर्मचारी, राज्य सरकारों के प्रतिनिधि और श्रम मंत्रालय के अधिकारी शामिल होते हैं।

आखिरी फैसला वित्त मंत्रालय लेता है। जब वित्त मंत्रालय मंजूरी दे देता है तो इसे नोटिफाई किया जाता है और फिर लोगों के खाते में ब्याज का पैसा जमा किया जाता है। आमतौर पर ये काम वित्तीय वर्ष के दूसरे भाग में होता है।

**कितनी रही पिछली ब्याज दर :** पिछले दस सालों में ईपीएफ की ब्याज दरों में बदलाव देखने को मिला है। 2018-19 में ये दर 8.65% थी और 2019-20 में 8.5% थी। लेकिन 2021-22 में इसे घटाकर 8.1% कर दिया गया था, जो कि पिछले चार दशकों में सबसे कम थी। हालांकि, पिछले दो सालों में इसे फिर से बढ़ाया गया है।

**ऐसे चेक करें ईपीएफ बैलेंस :** उमंग ऐप के जरिए: उमंग ऐप डाउनलोड करें। अपने मोबाइल नंबर से रजिस्टर करें। इसके बाद ईपीएफओ सर्विसेज सेक्शन में जाकर अपना बैलेंस और पासबुक देखें।

ईपीएफओ पोर्टल के जरिए: ईपीएफओ की वेबसाइट पर लॉग इन करें। अपना यूनिवर्सल अकाउंट नंबर और पासवर्ड डालें।

मिस्ड कॉल के जरिए: अपने यूएनए-रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से 011-22901406 पर मिस्ड कॉल दें। आपके पास बैलेंस का मेसेज आ जाएगा। ध्यान रखें कि आपका आधार, पैन और बैंक डिटेल्स आपके यूएएन से अपडेटेड और लिंक्ड होने चाहिए।

# गवर्नर ने मंदिरों पर टैक्स लगाने वाला बिल लौटाया, सरकार से मांगा स्पष्टीकरण

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती संशोधन बिल 2024 पर साइन करने से मना कर दिया है। उन्होंने राज्य की सिद्धरमैया सरकार से स्पष्टीकरण मांगते हुए बिल वापस लौटा दिया है।

दरअसल, 29 फरवरी 2024 को कर्नाटक में हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती संशोधन बिल 2024 पास हुआ था। इसके तहत राज्य के किसी मंदिर की कमाई यदि 1 करोड़ रुपए है, तो उसे 10% और 1 करोड़ से कम और 10 लाख से अधिक है तो 5% टैक्स का प्रावधान किया गया है।

बिल को विधान परिषद में विरोध का सामना करना पड़ा था। इखढ इस बिल और कांग्रेस सरकार को हिंदू विरोधी बता रही है। उसका आरोप है कि सरकार बिल के जरिए दूसरे धर्मों को फायदा पहुंचा रही है। सरकार के पास पैसा नहीं है, इसलिए वो मंदिरों को कमाई का जरिया बना रही है। वहीं, कांग्रेस सरकार का दावा है कि टैक्स की रकम मंदिर के रखरखाव और पुजारियों पर खर्च की जाएगी।

क्या हैं बिल के प्रावधान, जिन पर विवाद हुआ कर्नाटक में 3 हजार सी-ग्रेड मंदिर हैं, जिनकी कमाई पांच लाख से कम है। यहां से धर्मिका परिषद को कोई पैसा नहीं मिलता है। धर्मिका परिषद तीर्थयात्रियों के लाभ के लिए मंदिर प्रबंधन में सुधार करने वाली एक समिति है। 5 लाख से 25 लाख के बीच आय वाले बी-ग्रेड मंदिर हैं, जहां से आय का 5% साल 2003 से धर्मिका परिषद को जा रहा है। धर्मिका परिषद को 2003 से उन मंदिरों से 10% राजस्व मिल रहा था जिनकी सकल आय 25 लाख से ज्यादा थी।


2023 में दक्षिण कन्नड़ के कुक्के सुब्रमण्य मंदिर ने सबसे ज्यादा (74.2 करोड़) कमाई की।

कर्नाटक में 50 हजार पुजारी, टैक्स का पैसा इनके लिए इस्तेमाल होगा- रेड्डी कर्नाटक के मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने बताया कि यह प्रावधान नया नहीं है बल्कि 2003 से अस्तित्व में है। राज्य में 50 हजार पुजारी हैं जिनकी सरकार मदद करना चाहती है। अगर पैसा धर्मिका परिषद तक पहुंच जाता है तो हम उन्हें बीमा कवर दे सकते हैं। अगर उनके साथ कुछ होता है तो उनके परिवारों को कम से कम 5 लाख रुपए मिलें।

रेड्डी ने बताया कि प्रीमियम का भुगतान करने के लिए हमें 7 से 8 करोड़ रुपए की जरूरत है। इसके अलावा सरकार मंदिर के पुजारियों के बच्चों को स्कॉलरशिप देना चाहती है, जिसके लिए सालाना 5 से 6 करोड़ रुपए की जरूरत होगी।

## जासूसी के तार, अब तक 15 गिरफ्तार

# कच्छ से एक और जासूस गिरफ्तार अहमदाबाद लेकर आई एटीएस

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने कच्छ के नारायण सरोवर इलाके से एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है जो पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा था।

यह युवक माता ना मढ़ गांव में हेल्थ वर्कर के तौर पर काम कर रहा था। इसके साथ ही वह बीएसएफ और नौसेना की संवेदनशील खुफिया जानकारियां व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तानी एजेंटों को भेज रहा था। इसकी सूचना मिलने पर गुजरात एटीएस ने उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**दुश्मनों को भेज रहा था संवेदनशील जानकारी :** जानकारियों के अनुसार, गुजरात एटीएस को सूचना मिली थी कि 28 वर्षीय सहदेव सिंह दीपूभा गोहिल दयापर-1 बीट में अनुबंध पर माता ना मढ़ गांव में एक हेल्थ वर्कर के रूप में काम करता है और वह बीएसएफ और भारतीय नौसेना की गुप्त और संवेदनशील जानकारी को व्हाट्सएप के माध्यम से



दुश्मन देश पाकिस्तान के एजेंट को भेजता है।

एटीएस ने इस मामले की जानकारी गुजरात के उच्च अधिकारियों को दी। उन्हें केंद्रीय एजेंसी के माध्यम से इस सूचना की पुष्टि भी मिली।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ कोरुकोंडा, पुलिस उपाधीक्षक हर्ष उपाध्याय के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक पी.बी. देसाई, पुलिस उपनिरीक्षक (वायरलेस) डी.वी. राठौड़, पुलिस उपनिरीक्षक आर.आर. गरचरना की एक टीम गठित की गई।

तकनीकी और मानव संसाधन के माध्यम से जानकारी पर काम करने के बाद, आरोपी को पूछताछ के लिए एटीएस गुजरात, अहमदाबाद लाया गया।

**व्हाट्सएप के सहारे पाक एजेंट को संपर्क करता था आरोपी :** पूछताछ के दौरान पता चला कि वह पिछले एक साल से पीएचसी मताना मढ़, दयापर-1 बीट में बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में अनुबंध के आधार पर काम कर रहा है।

# गरजत बादल मानसून आयो रे

## केरल में शुरू हुई झमाझम बारिश, दिल्ली-नोएडा समेत कई बड़े शहरों में भी ऑरेंज अलर्ट

**केरल में मानसून के आगमन की सामान्य तिथि 1 जून है। इस बार अपने तय वक्त से 8 दिन पहले ही मानसून ने केरल में दस्तक दे दी है। भारत के मौसम विभाग ने इसकी जानकारी दी है। पिछली बार राज्य में मानसून इतनी जल्दी 2009 और 2001 में आया था, जब यह 23 मई को राज्य में पहुंचा था।**




**नई दिल्ली।** मानसून ने केरल में दस्तक दे दी है। यह भारत की मुख्य भूमि पर पिछले 16 वर्षों में मानसून का सबसे पहले आगमन है। इस बार अपने तय वक्त से 8 दिन पहले ही मानसून ने केरल में दस्तक दे दी है। भारत के मौसम विभाग ने इसकी जानकारी दी है। पिछली बार राज्य में मानसून इतनी जल्दी 2009 और 2001 में आया था, जब यह 23 मई को राज्य में पहुंचा था। केरल में मानसून के आगमन की सामान्य तिथि 1 जून है। हालांकि, 1918 में राज्य में 11 मई को ही मानसून ने दस्तक दे दी थी, जो आज तक का केरल में सबसे जल्दी मानसून आगमन का इकलौता मामला है।

दूसरी ओर, मानसून के देरी से केरल आगमन का रिकॉर्ड 1972 में दर्ज है, जब मानसून की बारिश 18 जून को शुरू हुई थी। पिछले 25 वर्षों में सबसे अधिक देरी से मानसून का आगमन 2016 में हुआ, जब मानसून ने 9 जून को केरल में प्रवेश किया। आईएमडी ने मानसून के आगमन को देखते हुए केरल के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है- जो अगले 24 घंटों में 20 सेमी से अधिक बारिश का सामना कर सकते हैं। कुछ अन्य जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है, जहां 11 सेमी से 20 सेमी के बीच बारिश हो सकती है। आईएमडी ने 6 सेमी से 11 सेमी के बीच भारी बारिश की आशंका वाले क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है।

**दिल्ली-ठउफमें गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान :** बुधवार देर रात भारी बारिश और आंधी के बाद, मौसम विभाग (आईएमडी) ने भविष्यवाणी की है कि दिल्ली के आसमान आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और शनिवार को भी आंधी के साथ बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी ने एक बयान में कहा, 'दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में 25 और 26 मई को गरज-चमक के साथ आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। 27 मई को बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है।' इससे पहले 21 मई की शाम को दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद में भयंकर तूफान आया था। 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई थी।

**मुंबई में ऑरेंज अलर्ट जारी, बहुत भारी वर्षा का अनुमान :** दक्षिण कोंकण, गोवा तट के पास और पूर्व मध्य अरब सागर में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके चलते आईएमडी ने अगले तीन दिनों के लिए कोंकण क्षेत्र में अत्यधिक भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है।

# दुखी दिलों का दर्द बांटने पुंछ पहुंचे राहुल गांधी

## बोले- आपके साथ मजबूती से खड़ा हूं



**जम्मू।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को सीमावर्ती जिला पुंछ पहुंचे। यहां उन्होंने पाकिस्तानी गोलाबारी में मारे गए लोगों के स्वजनों से मुलाकात की और उनका दुख-दर्द सुना।इसके अलावा राहुल गांधी गोलीबारी से प्रभावित अन्य लोगों की भी व्यथा सुनी।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, ₹आज पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मिला। टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और हर कोने में अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान - ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है। पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा हूं। उनकी मांगें और मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर जरूर उठाऊंगा। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद राहुल गांधी का यह जम्मू-कश्मीर का दूसरा दौरा होगा। इससे पहले राहुल 25 अप्रैल को श्रीनगर आए थे। पाकिस्तानी गोलाबारी में पुंछ जिला में ही सबसे ज्यादा जानमाल का नुकसान हुआ है। यहां 20 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान राहुल गांधी शनिवार सुबह करीब नौ बजे जम्मू पहुंचे और वहां से चापर के जरिए सीधे पुंछ के लिए आएं।

जम्मू हवाई अड्डे से राहुल गांधी के साथ पार्टी के कार्यवाहक प्रधान रमण भल्ला व युवा नेता नीरज कुंदन भी साथ जाएंगे। राहुल गांधी पुंछ में करीब तीन घंटे तक रुकेंगे। राहुल गांधी के दौरे को देखते हुए पार्टी के सांसद व जम्मू-कश्मीर प्रभारी डा. सैयद नसीर अहमद, प्रदेश प्रधान तारिक हमीद करा पुंछ पहुंच चुके हैं।

# दिल्ली: बवाना की फैक्ट्री में आग और विस्फोट से इमारत गिरी

**राजधानी दिल्ली के बवाना इलाके में एक फैक्ट्री में आग लगने का मामला सामने आया है। आग लगने की वजह से एक जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद इमारत ढह गई। फिलहाल आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 17 गाड़ियां लगी हुई हैं।**





**नई दिल्ली:** गर्मी के मौसम में दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग इलाकों में आग लगने का सिलसिला जारी है। इसी बीच दिल्ली के बवाना के सेक्टर-2 में शनिवार सुबह एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस बीच कई जोरदार धमाके भी हुए, जिसके कारण पूरी बिल्डिंग ढह गई।

आग को बुझाने के लिए मौके पर दमकल की 17 गाड़ियां पहुंची हैं। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। अभी तक हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। आग बुझाने का प्रयास जारी है।

**पिछले साल की तुलना में इस साल ज्यादा घटनाएं :** बता दें कि पिछले साल की तुलना में इस साल फरवरी, मार्च और अप्रैल में दिल्ली में आग की अधिक घटनाएं सामने आई हैं। एक जनवरी से 18 मई 2025 तक दमकल विभाग को फोन पर 7500 ज्यादा आग लगने की सूचनाएं मिलीं। आगजनी की इन घटनाओं में लगभग 25 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। जनवरी से मई के बीच अग्निशमन विभाग ने 281 लोगों की जान बचाई हैं।

**फरवरी में आई आग की 1076 घटनाएं :** दमकल विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस साल जनवरी महीने में हेल्पलाइन के माध्यम से आग लगने की 938 घटनाओं की जानकारी मिली। इनमें दमकल विभाग ने 38 लोगों की जान बचाई। वहीं, आग की चपेट में आने से 6 लोगों की मौत हो गई। इसी कड़ी में दमकल विभाग को फरवरी में आग लगने की 1076 घटनाओं की जानकारी मिली। इनमें 43 को सुरक्षित बचा लिया गया। हालांकि, दो लोगों की मौत हो गई।

# एक्टर मुकुल देव का निधन, बॉलीवुड में शोक की लहर

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता और टेलीविजन का जाना-पहचाना चेहरा मुकुल देव अब इस दुनिया में नहीं रहे। 54 साल की उम्र में उन्होंने 23 मई की रात अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि, मुकुल देव लंबे समय से बीमार चल रहे थे, हालांकि उनकी बीमारी को लेकर परिवार ने ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है।




**सलमान और अजय के साथ स्क्रीन पर छाए :** मुकुल देव ने अपने करियर में कई यादगार फिल्मों में काम किया और बॉलीवुड के बड़े सितारों जैसे सलमान खान और अजय देवगन के साथ स्क्रीन साझा की। उनकी प्रमुख फिल्मों में सन ऑफ सरदार, आर..राजकुमार, जय हो, कुर्बान, मुझसे शादी करोगी और मर्डर 2 शामिल हैं।

उनकी एक्टिंग में गहराई और विश्वसनीयता थी, जिसने उन्हें हर तरह के किरदार में खास बनाया। चाहे वह खलनायक की भूमिका हो या हल्की-फुल्की कॉमेडी, मुकुल ने हर किरदार को जीवंत कर दिया।

उनकी अदाकारी ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई थी।

# झारखंड के लातेहार में दो नक्सली ढेर, एक गिरफ्तार

**लातेहार:** झारखंड में लातेहार पुलिस को शनिवार की सुबह बड़ी सफलता मिली है। जिले के एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेजेएमपी (झारखंड जन मुक्ति परिषद) उग्रवादी संगठन के सुप्रीमो 10 लाख इनामी पप्पू लोहरा को मुठभेड़ में मार गिराया है। मुठभेड़ की घटना लातेहार जिले के इचावार के जंगल में हुई है। इस दौरान पांच लाख का इनामी पप्पू गंझू भी मार गिराया गया।



**जवाबी कार्रवाई में पप्पू लोहरा और उसका साथी मारा गया :** दरअसल, एसपी को सूचना मिली थी कि जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहारा अपने संगठन के सदस्यों के साथ इचावार के जंगल में बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटा है। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों और सुरक्षाबलों की ओर से सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों को देखते फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में पप्पू लोहरा समेत दो उग्रवादी मारा गया।

**दोनों उग्रवादियों के शव को बरामद किया गया :** पुलिस ने दोनों उग्रवादियों के शव को बरामद कर लिया है और इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 25 मई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# पति ने पत्नी पर डाला तेजाब
## भीड़ ने पीटा, पुलिस ने पहुंचाया हवालात
## घायल महिला को सफदरजंग अस्पताल किया गया रेफर

### शास्त्री नगर चौराहे की घटना, पति-पत्नी के बीच चल रही थी तकरार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर चौराहे पर दिनदहाड़े एक महिला पर उसके पति द्वारा तेजाब डाल दिया गया। तेजाब डालने से महिला गंभीर रूप से झुलस गई, उसे गंभीर हालत में कवि नगर स्थित सर्वोदय अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने उसे सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है तेजाब डालने वाला कोई और नहीं उसका पति था। दोनों की शादी लगभग 18 साल पहले हुई थी।

उनके एक लड़का और लड़की है। बताया जा रहा है लंबे समय से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। पत्नी का कहना है कि पति उसे परेशान करता था और मारता पीटता था जबकि पति का कहना है कि महिला शुक्रवार को किसी के साथ चली गई थी, इससे नाराज होकर उसने यह कदम उठाया है। इस पूरे मामले में घटनास्थल पर भीड़ ने ही आरोपी पति को दबोच लिया था, उसकी जमकर पिटाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा लिखते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही उससे पूछताछ जारी है।

### लंबे समय से चल रहा था पति-पत्नी के बीच विवाद, सरेराह हुई तेजाब फेंकने की वारदात



करंट क्राइम : शनिवार को शास्त्री नगर चौराहे पर रोजाना की तरह भीड़ थी। इसी दौरान एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर एसिड अटैक कर दिया, जिसके बाद वह गंभीर रूप से झुलस गई। मौके पर भीड़ ने आरोपी पति को दबोच लिया और उसकी पिटाई की बाद में मौके पर पहुंची पुलिस उसे कवि नगर थाना ले गई थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों की शादी लगभग 18 साल पहले हुई थी। दोनों ही महेंद्र एनक्ले के रहने वाले हैं। पति एक ज्वैलर्स की दुकान में आभूषण की सफाई एवं ठीक करने का काम करता था। बताया जा रहा है पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद था, तो वहीं पुलिस के पास शिकायत देने पहुंची महिला ने बताया है कि पति उसको आए दिन परेशान करता था। महिला चौकी पर पुलिस को शिकायत देकर लौट रही थी। इसी दौरान उसके पति ने उसपर एसिड अटैक किया। एसिड अटैक की घटना को देख आसपास के लोग दंग रह गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई थी, इसी दौरान आरोपी को भी पकड़ लिया गया था।





### पति-पत्नी एक दूसरे पर लगा रहे हैं गंभीर आरोप

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है। तो वहीं एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह का कहना है कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पति पत्नी के चरित्र पर सवाल उठा रहा है, तो पत्नी का कहना है कि पति आए दिन उसे परेशान करता है और उसके साथ गलत व्यवहार करता था, फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है।

# पुलिस कमिश्नरेट में चार नए थानों के लिए जल्द शुरू होगा काम, मिली जमीन
## जिलाधिकारी के पास भेजी गई थी 11 थानों के लिए जमीन की डिमांड लिस्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि आने वाले समय में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चार और नए थानों की संख्या बढ़ेगी। बीते दिनों पुलिस की ओर से जिलाधिकारी गाजियाबाद और भू एवं राजस्व विभाग को थानों के लिए जमीन की डिमांड लिस्ट भेजी गई थी। इसमें पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस विभाग ने 11 थानों के लिए जमीन की डिमांड की थी।

जिसमें जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से चार नए थानों के लिए जमीन मुहैया कराने पर सहमति बनी है और भूमि प्रदान करने का भरोसा दिया गया है। बताया जा रहा है कि जिन चार थानों को बनाया जाना है उसमें रावली रोड, गंग नहर, सिद्धार्थ विहार और राज नगर एक्सटेंशन थाना शामिल होने की बात की जा रही है।

इन थानों के निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने के लिए फाइल तैयार कर लोकल अप्रूवल मिलने के बाद अब इसे शासन को भेजा जाएगा। जहां से इनके निर्माण और अन्य कार्रवाई के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नए पुलिस कमिश्नर द्वारा गाजियाबाद में 11 नए थानों के लिए जमीन की मांग की गई थी, जिसमें चार ही थानों के लिए जमीन मुहैया हो पा रही है।

### पुलिस कमिश्नरेट में थानों की संख्या बढ़ाने पर दिया जा रहा है जोर




### दो देहात और दो सिटी के जोन में आएंगे नए थाने

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चार नए थानों के लिए जो जमीन मिली है, उसमें दो थाने देहात जोन के अंदर के बताए जा रहे हैं। इसमें रावली रोड और गंग नहर थाना होगा, तो वहीं सिद्धार्थ विहार और राज नगर एक्सटेंशन सिटी जोन में शामिल किया जाएगा। बता दें कि अगर जल्द ही इन थानों की शुरूआत हो जाती है, तो इससे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थानों की संख्या अधिक हो जाएगी और यह संख्या बढ़कर 30 तक पहुंच सकती है।

### अभी सिटी जोन में है सबसे कम थाने

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अगर सिटी जोन में सिद्धार्थ विहार और राज नगर एक्सटेंशन का थाना बनने का काम शुरू होता है। तो सिटी जोन में थानों की संख्या बढ़कर आठ हो जाएगी। बता दें कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन के अंतर्गत छह थाने आते हैं। जिसमें कवि नगर, मधुबन बापूधाम, नंदग्राम, सिहानी गेट, विजयनगर और घंटाघर कोतवाली शामिल है। दो और नए थानों के बनने के बाद यहां के जोन में थानों की संख्या आठ हो जाएगी। तो वहीं देहात जोन में दो और थाने बढ़ जाएंगे जिससे वहां की संख्या 15 हो जाएगी।

### पुलिस कमिश्नर चाहते हैं जल्द शुरू हो नए थानों का काम



**करंट क्राइम :** गाजियाबाद के नए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ लगातार पुलिसकर्मियों और विभाग को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। बीते दिनों उनके द्वारा जिलाधिकारी को भी पत्र लिखा गया था, जिसमें 11 थानों के लिए भूमि मुहैया कराने की डिमांड की गई थी। पुलिस सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि अभी केवल चार नए थानों के लिए ही जिला प्रशासन की ओर से जमीन मुहैया कराने की बात पर सहमति बन पाई है। सुनने में आ रहा है कि जल्द ही नए थानों के लिए जमीन मिले और नई योजना बनाई जाए इसके लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं।

# किशोरी को भगाने वाले आरोपी को 2 साल 6 महीने का कारावास, दस हजार रुपये का लगाया गया अर्थदंड

### - इंदिरापुरम पुलिस ने की थी प्रभावी पैरवी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत 12 वर्षीय किशोरी को पहले बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के बाद न्यायालय मुख्य मजिस्ट्रेट जनपद गाजियाबाद द्वारा अभियुक्त राहुल उर्फ परिमल सरकार हाल निवासी मकनपुर थाना इंदिरापुरम गाजियाबाद को 2 वर्ष 6 माह कठोर कारावास और 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। बता दें कि पुलिस पीड़िता को बंगाल से बरामद कर साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया था। आरोपी राहुल के विरुद्ध 30



जनवरी 2023 को धारा 363,65 के तहत आरोप पत्र दाखिल किए गए थे। इस मामले में इंदिरापुरम पुलिस ने बेहतर पैरवी की थी।

साथ ही आरोपी के खिलाफ तमाम साक्ष्य भी प्रस्तुत किए थे। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ के निर्देश पर ऑपरेशन कनविक्शन अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस की मजबूत पैरवी के कारण आरोपियों को सजा मिल रही है।

### एसीपी रहते हुए स्वतंत्र सिंह ने करवाई थी मजबूत लिखा-पढ़त

करंट क्राइम : इस मामले में न्यायालय ने आरोपी को किशोरी को पहले बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में आरोपी को दो वर्ष 6 माह का कठोर कारावास करवा है। तो वहीं 10 हजार रुपये के अर्थदंड का आदेश किया गया है। जिस वक्त यह मुकदमा लिखा गया और फिर इस मामले की विवेचना और अन्य महत्वपूर्ण कार्य हुआ, उस वक्त एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह थे। वो इससे पहले भी वह विजयनगर और साहिबाबाद के महिला एवं बाल अपराध के मामले में मजबूत पैरवी कर चुके हैं।

### एसीपी स्वतंत्र सिंह का गौतमबुद्ध नगर हुआ तबादला



करंट क्राइम : बीते दिनों एसीपी स्तर के अधिकारियों की शासन स्तर से एक लंबी लिस्ट आई थी। जिसमें तीन साल एक ही जिले में रहने वाले अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस लिस्ट में वर्तमान में एसीपी कवि नगर के रूप में तैनात स्वतंत्र सिंह का ट्रांसफर पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में हुआ है। बता दें कि गाजियाबाद में कानून व्यवस्था की स्थिति सुधारने और अपराध नियंत्रण को लेकर एसीपी स्वतंत्र सिंह ने लंबी पारी खेली है। वह गाजियाबाद में घंटाघर कोतवाली और साहिबाबाद सर्किल में क्षेत्राधिकार रहे हैं। तो वहीं एसीपी इंदिरापुरम और कवि नगर के रूप में भी उन्होंने यहां महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। उनके द्वारा फुल-हाफ एकाउंटरों से लेकर कई बड़ी कार्रवाई की गई हैं।

### बीट पुलिसिंग में लापरवाही पड़ी पुलिसकर्मियों पर भारी
# डीसीपी ग्रामीण ने दो उपनिरीक्षकों सहित छह पुलिसकर्मियों को किया लाइन हाजिर

### ट्रोनिका सिटी, भोजपुर और मोदीनगर के हैं पुलिसकर्मी

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ द्वारा शुरू की गई बीट पुलिसिंग में लापरवाही करना पुलिसकर्मियों के लिए खतरे से खाली नहीं रहेगा। देहात जोन के अंतर्गत डीसीपी ग्रामीण द्वारा दो उप निरीक्षकों ,सहित 6 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। बताया जा रहा है कि इन पुलिसकर्मियों द्वारा बीट पुलिसिंग में ठीक प्रकार से काम नहीं किया गया था। उनके बीट क्षेत्र में रहने वाले अपराधियों द्वारा अलग-अलग थानाक्षेत्र में वारदात की गई जबकि उनके द्वारा इन आरोपियों का पूर्ण विवरण अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराया गया था।

इस मामले की जांच हुई और जांच में दोषी पाए जाने के बाद एक उपनिरीक्षक, एक अंडर ट्रेनी उप निरीक्षक और चार पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। बताया जा रहा है कि इस पूरे प्रकरण में एसीपी मोदीनगर और एसीपी लोनी द्वारा रिपोर्ट भेजी गई थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उधर पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड़ का कहना है कि पुलिसकर्मियों को दिए जाने वाले टास्क में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### इन पुलिसकर्मियों पर हुई है कार्रवाई



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया है कि उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक प्रशिक्षण अरविंद कुमार थाना ट्रोनिका सिटी ,कांस्टेबल विकास राणा, निशु ट्रोनिका सिटी द्वारा अपने कार्य में लापरवाही की गई थी। वहीं बीट पुलिसिंग में उनके द्वारा ठीक प्रकार से अपराधियों को सत्यापन नहीं किया गया था, ना ही उनकी रिपोर्ट दी गई थी। इसके साथ ही थाना भोजपुर में कांस्टेबल चरण सिंह और मोदीनगर के सुनील कुमार को विभागीय लापरवाही व कार्य ठीक से नहीं करने का का दोषी मानते हुए लाइन हाजिर किया गया है।

### लापरवाही करने वाली पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई : कमिश्नर



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने कहा है कि पुलिसकर्मियों को दिए गए किसी भी टास्क में अगर उनके द्वारा लापरवाही की जाएगी, तो जोन के डीसीपी के स्तर पर जांच कर ऐसे पुलिसकर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा, उनपर कार्रवाई होगी और भविष्य में वह गलती ना करें इसके लिए उनको दंडित भी किया जाएगा।

# कब एक्टिव मोड में आएंगे क्रांतिकारी लोनी के साइलेंट लीडर
## शांत है राजनीति और किसी भी मुद्दे पर नहीं कर रहे वो कंसीडर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति का अर्थ यही होता है कि आप हर नीति का राज जाने और चाहे फिर वो नीति अर्थव्यवस्था की नीति हो, वो विदेश नीति हो या फिर देश की नीति हो। आप सरकार में हैं या विपक्ष में हैं, लेकिन आप जनता के मुद्दों से जुड़कर चलते हैं, तभी नेता हैं। आज बात उस लोनी की हो रही है जो क्रांतिकारी विधानसभा कही जाती है। जिसके बारे में ये कहा जाता है कि यहां सियासत में कोई साइलेंट मोड होता ही नहीं है। यहां से राजनीति हमेशा एक्टिव रहती है। यहां से कभी सियासत का सबसे बड़ा गढ़ माने जाने वाले मदन भैया अब खतौली से विधायक हैं और यहां के भाजपा के नंदकिशोर लगातार दूसरी बार विधायक हैं।

लोनी को लंदन बनाने का वादा करने वाले विधायक नंदकिशोर अक्सर चर्चाओं में रहते हैं। वो हल्दी घाटी की मिट्टी को लेकर चर्चा में रहते हैं। वो कभी मीट की दुकानों को बंद कराने को लेकर चर्चा में रहते हैं और बीते दिनों पुलिस आयुक्त से उनका मोर्चा और वो लगातार चर्चाओं में रहे, लेकिन क्रांतिकारी विधानसभा कही जाने वाली लोनी में ऐस क्या हो गया है कि अब इसके सारे नेता साइलेंट मोड में हैं। कोई भी घटना हो, लेकिन अब वो इस पर रिएक्ट नहीं करते। लोनी की राजनीति का एक्टिव चेहरा अब विधायक नंदकिशोर हैं और यहां की पॉलिटिक्स उनके ईद-गिर्द घूमती है। सवाल यही है कि क्या लोनी के अन्य नेता अब मुखरता के साथ राजनीति नहीं कर रहे या वो किसी भी मुद्दे पर बोलना ही नहीं चाहते।



आखिर लोनी के नेता क्यों साइलेंट मोड पर हैं, ऐसा क्या हुआ है कि ओबीसी मोर्चा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी योगेंद्र मावी साइलेंट मोड पर हैं। एक लंबा समय हो गया जब राजनीति में उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। किसी भी मुद्दे पर वो सहमति या असहमति जताते नजर नहीं आते। लोनी की राजनीति का वो सौम्य चेहरा हैं, लेकिन राजनीति वाले तेवरों के साथ तो आना ही होगा। भाजपा की प्रदेश टीम में प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी लोनी की राजनीति से खुद को दूर रखते हैं। उनकी पत्नी ममता त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। बसंत त्यागी खुद भी जिलाध्यक्ष रहे हैं, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं, वर्तमान में प्रदेश मंत्री भाजपा है लेकिन वो लोनी के राजनीतिक माहौल से खुद को बहुत अलग रखते हैं। वो यहां की राजनीति में क्यों साइलेंट हैं, ये सब जानते हैं।

लोनी की राजनीति की बात करें तो पवन मावी बीते दिनों विधायक नंदकिशोर गुर्जर के साथ पुलिस आयुक्त वाले विवाद में जरूर कंधे से कंधा मिलाकर जरूर खड़े नजर आए, लेकिन पवन मावी इसके अलावा लोनी में कोई पोलिटिकल में आजकल कितना ऐक्टिव है ये कोई भी बता देगा । उनकी पत्नी लक्ष्मी मावी जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं। लोनी में ही डॉ. विनोद बंसल रहते हैं, वो लोनी के पूर्व चेयरमैन हैं। टिकट की दावेदारी के समय उनका नाम चलता है, लेकिन फिर उसके बाद वो कहां अंतर्ध्यान हो जाते हैं ये किसी को पता नहीं चलता है। लोनी की राजनीति की बात करें तो यहां ईश्वर मावी अब फिलहाल साइलेंट मोड पर ही हैं। उनकी पुत्रवधू अंशु मावी जरूर जिला पंचायत सदस्य हैं और सोशल मीडिया पर कई बार ईश्वर मावी अपनी पुत्रवधू को प्रमोट करते दिखाई देते हैं, लकिन खुद ईश्वर मावी राजनीति की पिच पर बहुत ही स्लो हैं। या फिर एक खास छेड़े के आगे उनकी ताकत सुगरीव हो जाती है।

यहां राजनीति की बात करें तो करतार सिंह निठौरा टिकट वाली रेस में रहे और रेस से बाहर होने के बाद उन्होंने खुद को लोनी की पॉलिटिक्स के सक्रिय वाले फेस के तौर पर नहीं रखा है। अब करतार सिंह निठौरा क्या कर रहे हैं, राजनीति में किन मुद्दों को लेकर लड़ रहे हैं, खुद उनके जानकारों को नहीं पता है। वो राजनीति के साइलेंट मोड में हैं। उनके बेटे सुनील निठौरा भी भाजपा युवा मोर्चा वाले पद तक एक्टिव रहे और फिर वो भी राजनीति के स्लीपिंग मोड में हैं। यही हाल भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे सतपाल प्रधान का है।

सतपाल प्रधान जिलाध्यक्ष के रूप में एक्टिव पारी खेलने के बाद अब रिलेक्स अंदाज में हैं। लोनी की राजनीति की बात करें तो यहां परमिंदर जांगड़ा भी साइलेंट वाले मोड पर हैं। ये नेता ना सरकार के पक्ष को रख रहे हैं और ना ही विपक्ष वाले तेवरों के साथ हैं। यहां की राजनीति का आलम ये है कि नेताओं ने जनता को जनता के हाल पर छोड़ दिया है।

### सक्रियता का फसाना अनिल कसाना



**करंट क्राइम।** लोनी के नेताओं की बात करें तो यहां पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल कसाना एक्टिव मोड में दिखाई देते हैं। बीते दिनों एक बयान के बाद उन्हें जिलाध्यक्ष ने नोटिस जारी किया, लेकिन अनिल कसाना के पॉलिटिकल फसाने पर इसका कोई असर नहीं है। वो पूरी ऊर्जा के साथ राजनीति कर रहे हैं। सक्रिय दिखाई देते हैं। वो अब खुद को 27 वाले तेवरों में ले आए हैं। दावेदारी शुरू हो गई है और अब वो अपने होर्डिंग में अपने नाम के साथ विधानसभा-53 भी लिखने लगे हैं। से 53 ये बताने के लिये काफी है कि विधानसभा का नंबर क्यों बताया जा रहा है। अनिल कसाना सक्रिय रानजीति वाले अंदाज में हैं, वो संदेश दे रहे हैं और अलग-अलग कार्यक्रमों में वो मंच भी साझा कर रहे हैं।

### संगठन से तालमेल के साथ सियासी संदेश देते नितिन मावी



करंट क्राइम। लोनी की भगवा राजनीति की बात करें तो यहां युवा चेहरे के रूप में नितिन मावी ने काफी प्रभावित किया है। वो लोनी की भगव राजनीति के एक ऐसे चेहरे के रूप में उभरे हैं जो युवा हैं, शिक्षित हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि वो गैरविवादित हैं। खुद को विवादों से दूर रखते हैं और सबसे सकारात्मक पहलू ये है कि नितिन मावी संगठन से तालमेल बनाकर चलते हैं। बीते दिनों उन्होंने सदस्यता अभियान में अच्छा प्रदर्शन किया था। भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाते हैं। जनता के लोगों के बीच बैठकर जनसमस्याओं को सुनते हैं, समाधान कराते हैं। वो कभी भी खुद को या सामने वाले को किसी विवाद में नहीं फंसाते हैं। लोनी की बात करें तो भाजपा का ये युवा चेहरा संगठन से तालमेल रखते हुए खुद को लोनी के सियासी फ्रेम में फिट करने में सफल साबित हुआ है।

## संपादकीय

# छोटी कार की बड़ी समस्या

यात्री वाहन बाजार की बदलती तस्वीर इस बात का सटीक उदाहरण है कि कोविड के बाद देश में आर्थिक सुधार की प्रक्रिया दो एकदम विपरीत दिशाओं में चल रही है। अधिक महंगे और ज्यादा कर वाले स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2024-25 में बिके कुल यात्री वाहनों में 50 फीसदी से अधिक रही। इनकी बिक्री और भी बढ़ने की संभावना है। मगर उस वित्त वर्ष में छोटी कारों की बिक्री केवल दो फीसदी बढ़ी।

देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजूकी से भी संकेत लिया जा सकता है। वित्त वर्ष 2025 में कारों की देसी बिक्री 2.6 फीसदी बढ़ी मगर छोटी कार (जिनकी लंबाई 4 मीटर से कम होती है और इंजन 1,200 से 1,500 सीसी का होता है) की बिक्री 9 फीसदी घट गई। टाटा मोटर्स और ह्युंडै की छोटी कारें 3 फीसदी कम बिकीं। बाजार में इस बदलाव के अर्थव्यवस्था पर असर होंगे। वाहन उद्योग देश के विनिर्माण क्षेत्र के करीब आधे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और कुल जीडीपी के 7 फीसदी के बराबर योगदान करता है। यह बाजार आम तौर पर छोटी कारों से ही चलता है।

कार बाजार के जानकारों का कहना है कि लोगों की आय ठहर जाने के कारण छोटी कारों की बिक्री घटी है। देश में सालाना 12 लाख रुपये से अधिक आय वाले केवल 12 फीसदी परिवार हैं। मारुति के चेयरमैन आर सी भार्गव कहते हैं कि 88 फीसदी परिवार कार बाजार से बाहर हैं। वह नियमों के कारण बढ़ते खर्च की बात भी करते हैं और कहते हैं कि छह एयरबैग लगाए जाने और कर बढ़ाए जाने से भी छोटी कार बाजार से बाहर हो रही हैं। वाकई आज ऐसी कोई छोटी कार नहीं है, जिसकी कीमत 3 लाख रुपये से कम हो और जिसे घर लाने के लिए 4 लाख रुपये के कम चुकाने पड़ते हों।

बहरहाल कई कारक दबी मांग की ओर भी इशारा कर रहे हैं, जो कीमत और आय की बाड़ लांघ सकती है। सबसे पहले तो एसयूवी ग्राहकों में उनकी संख्या बढ़ रही है, जो पहली कार खरीदने आए। पहले ऐसे ग्राहक छोटी कार ही खरीदते थे। इससे पता चलता है कि छोटी कारें हमेशा से चली आ रही बढ़त खो रही हैं। दूसरी बात, पिछले वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों का बाजार बढ़ा, जिसका मतलब है कि वाहन खरीदने वाले अब भी कीमत को तवज्जो देते हैं। तीसरी बात, सेकंड हैंड कारों का बाजार भी तेज दौड़ रहा है, जहां छोटी कारों और सिडैन का बोलबाला है।

इससे पता चलता है कि कार कंपनियां लंबे समय तक ऐसे बाजार में गाड़ी बेचती रहीं, जहां अधिक विकल्प ही नहीं थे। मगर अब ग्राहकों को छोटी कारों के बाजार तक लाने के लिए उन्हें कुछ नया सोचना होगा। सच में ह्युंडै के टॉल-बॉय मॉडल और टाटा मोटर्स की नैनो के अलावा इस बाजार में कुछ नया हुआ ही नहीं है।

दूसरे उद्योगों से सीखना चाहिए। बेहद कम मार्जिन पर चलने वाले विमानन उद्योग ने बाजार बढ़ाने के लिए किफायती किराये और डायनैमिक प्राइसिंग का हुनर सीख लिया। उपभोक्ता उत्पाद कंपनियां समझ गईं कि छोटे पैक (जैसे शैंपू के सैशे) या कुछ नया मिलाने (आयोडीन युक्त नमक) से कम आय वाले उपभोक्ता आ सकते हैं, जो वैसे इन उत्पादों से दूर रहते। कॉल में प्रति सेकंड बिलिंग और कंपनी का कनेक्शन लेने पर साथ में मिल रहे हैंडसेट ने मोबाइल टेलीफोन की सूरत ही बदल दी।

कार बाजार में बिल्कुल ऐसा दोहराना तो संभव नहीं है मगर वहां आ रही समस्याओं को चुस्ती से हल करें तो मांग में ठहराव की चिंता को दूर किया जा सकता है। इस लिहाज से करों के बारे में शिकायत में कुछ दम दिखता है। जिस उद्योग को प्रमुख आर्थिक संकेतक माना जाता है, उस उद्योग में छोटी कारों को विलासिता की वस्तु मानना और उन पर 29 से 31 फीसदी कर लगाना कहीं से भी सही नहीं है। कर में कमी से इस बाजार का ठहराव कम हो सकता है मगर कार निमार्ताओं को अपनी नीतियों पर भी विचार करना होगा।

# कर्मचारी भविष्य निधि के खाते में जमा राशि पर 8.25% की ब्याज दर बरकरार, सरकार ने लगाई मुहर




**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएफ खाते में जमा राशि पर मिलने वाला ब्याज दर 8.25% बरकरार रखने के ईपीएफओ के फैसले को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। इससे पहले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने 28 फरवरी को मीटिंग में ब्याज दर को 8.25% बरकरार रखने का फैसला किया था। इससे पहले वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए ब्याज दर को 8.15% से 0.10% बढ़ाकर 8.25% किया गया था। वहीं 2022-23 में 8.10% से 0.05% बढ़ाकर 8.15% किया गया था।

**पीएफ अकाउंट में किस हिसाब से जमा होती है राशि? :** ईपीएफओ एक्ट के तहत कर्मचारी की बेसिक सैलरी+महंगाई भत्ता का 12 फीसदी पीएफ अकाउंट में जाता है। वहीं, कंपनी भी कर्मचारी की बेसिक सैलरी+महंगाई भत्ता का 12 फीसदी जमा करती है। कंपनी के 12 फीसदी हिस्से में से 3.67% पीएफ अकाउंट में जाता है और बाकी 8.33 फीसदी पेंशन स्कीम में जाता है। वहीं कर्मचारी के हिस्से का सारा पैसा पीएफ अकाउंट में जाता है।

**पिछले वर्षों में कैसा रहा ब्याज दर? :** इससे पहले 2022 में ईपीएफओ ने 2021-22 के लिए अपने सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए ईपीएफ पर ब्याज को घटाकर चार दशक से अधिक के निचले स्तर 8.1 फीसदी कर दिया था। 2020-21 में यह ब्याज दर 8.5 प्रतिशत थी। इससे पहले 2020-21 के लिए ईपीएफ पर 8.10 प्रतिशत ब्याज दर 1977-78 के बाद से सबसे कम थी। उस वक्त ईपीएफ ब्याज दर सिर्फ आठ प्रतिशत थी।

**2020 से पहले कैसा था ब्याज दर? :** जबकि, ईपीएफओ ने 2019-20 के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को घटाकर सात साल के निचले स्तर 8.5 प्रतिशत कर दिया था, जो 2018-19 के लिए 8.65 प्रतिशत था।

# सरकार को राजकोषीय घाटा कम होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का बंपर लाभांश देना देश की अर्थव्यवस्था के लिए काफी अहम साबित होगा। इससे सरकार का राजकोषीय घाटा कम हो सकता है। वर्तमान में राजकोषीय घाटा 4.5% है, अब इसके घटकर 4.2% आने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रिपोर्ट के अनुसार यह घाटा 20 से 30 आधार अंकों तक कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.2% तक पहुंच सकता है।




2025-26 के केंद्रीय बजट में रिजर्व बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से करीब 2.56 लाख करोड़ रुपये का लाभांश मिलने का अनुमान जताया गया था। हालांकि आरबीआई ने ही उम्मीद से काफी अधिक लाभांश सरकार को दे दिया है। एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, यह अतिरिक्त राजस्व सरकार को अपने घाटे को कम करने में मदद करेगा। इसके साथ ही प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अधिक खर्च की गुंजाइश बढ़ेगी।

**बंपर लाभांश से सरकार की वित्तीय स्थिति होगी मजबूत :** भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि बंपर लाभांश से सरकार की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी।

# भारत में बने आईफोन की लागत अमेरिका से कम होगी



**1000 डॉलर के आईफोन पर किस देश की क्या कमाई**

| देश | क्या योगदान | कमाई |
|---|---|---|
| अमेरिका (एपल) | ब्रांड, सॉफ्टवेयर, डिजाइन | 450$ |
| अमेरिका (क्वालकॉम व ब्रॉडकॉम) | पार्ट्स बनाती हैं | 80$ |
| ताइवान | चिप बनाती है | 150$ |
| दक्षिण कोरिया | ओएलईडी स्क्रीन व मेमोरी चिप्स | 90$ |
| जापान | कैमरा सिस्टम | 85$ |
| जर्मनी, वियतनाम | अन्य छोटे पार्ट्स | 45$ |
| मलेशिया भारत व चीन | असेंबलिंग | 30$ |

**नई दिल्ली।** भले ही अमेरिका भारत में बने आईफोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए, फिर भी इसकी कुल उत्पादन लागत अमेरिका में इसे बनाने की तुलना में बहुत कम होगी। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। जीटीआरआई की ओर से यह जानकारी ऐसे समय पर दी गई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक बयान के कारण खासा चर्चा में है। अपने बयान में ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर एपल भारत में आईफोन बनाने का फैसला करता है तो वे इसपर पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा देंगे। हालांकि, जीटीआरआई का मानना है कि इस तरह के शुल्कों के बावजूद भारत में आईफोन का निर्माण लागत की दृष्टि से अधिक प्रभावी है।

**आईफोन से किस देश को क्या मिलता है? :** रिपोर्ट में 1,000 अमेरिकी डॉलर के आईफोन की पूरी मौजूदा मूल्य श्रृंखला के बारे में विस्तार से बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आईफोन के निर्माण में एक दर्जन से अधिक देशों का योगदान है। एपल अपने ब्रांड, सॉफ्टवेयर और डिजाइन जरिए मूल्य का सबसे बड़ा हिस्सा, लगभग 450 डॉलर प्रति डिवाइस अपने पास रखता है। क्वालकॉम और ब्रॉडकॉम जैसे अमेरिकी घटक निमार्ताओं के हिस्से में करीब 80 जाते हैं। जबकि ताइवान चिप बनाकर 150 ट्रंप के 25% टैरिफ के बावजूद भारत में बने आईफोन अमेरिका में सस्ते होंगे, ऋ्छ्फ्क्ने बताया कैसे?

अमेरिकी डॉलर हासिल करता है। दक्षिण कोरिया ओएलईडी स्क्रीन और मेमोरी चिप्स बनाकर 90 डॉलर हासिल करता है। जापान मुख्य रूप से कैमरा सिस्टम तैयार कर 85 डॉलर के पार्ट्स की आपूर्ति करता है। जर्मनी, वियतनाम और मलेशिया छोटे आईफोन के कई अन्य छोटे-छोटे हिस्से बनाकर 45 डॉलर का योगदान देते हैं।

**भारत और चीन को आईफोन असेंबल कर मिलते हैं केवल 30 डॉलर :** जीटीआरआई ने कहा कि चीन और भारत जैसे देश आईफोन असेंबली के मामले में प्रमुख खिलाड़ी होने के बावजूद, प्रति डिवाइस केवल लगभग 30 डॉलर ही कमाते हैं।ए

## राशिफल

**मेष:** पिछले कुछ समय से की गई गलतियों से सीख लें और आगे बढ़ें। इस तरह की कोशिश करने से आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा तथा संबंधों में भी मधुरता बढ़ेगी।

**वृष:** आज का ग्रह गोचर आपके लिए भाग्योदय स्थितियां बना रहा है। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। साथ ही प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात से लाभ और मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**मिथुन:** प्रतिष्ठित लोगों के साथ संपर्क में रहे। उनके सानिध्य में आप भविष्य संबंधी कई योजनाओं को साकार कर पाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संबंधी योजनाएं बनेंगी।

**कर्क:** कॉल या ईमेल से कोई शुभ सूचना मिलने से उमंग और प्रफुल्लित महसूस करेंगे आप पूरी मेहनत व परिश्रम से हर एक कार्य को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

**सिंह:** आर्थिक स्थिति तो सामान्य ही रहेगी परंतु आप अपना बजट संतुलित बनाकर रखने में सफल भी रहेंगे। अपनी योग्यता पर विश्वास रखकर आगे बढ़ते रहें।

**कन्या:** दिन कुछ मिला-जुला व्यतीत होगा। आप विवेक और चतुराई से विपरीत परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**तुला:** कुछ राजनैतिक या प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। आपका लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा भी बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** धार्मिक और आध्यात्मिक कामों में रुचि रहेगी। आपका सिद्धांतवादी नजरिया समाज में आपको सम्मानजनक माहौल करेगा।

**धनु:** आपके लिए कुछ सम्मानजनक तथा धनदायक स्थितियां बनेंगी। इस लाभदायक ग्रह स्थिति का भरपूर लाभ ले।

**मकर:** आज ग्रह स्थिति काफी संतोषजनक है। हर काम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे। कुछ लोग जो आप के खिलाफ थे, आज आपकी बेगुनाही उनके सामने साबित होगी।

**कुंभ:** आज कुछ दिक्कतें आने के बावजूद सकारात्मक नजरिये और संतुलित सोच के साथ आगे बढ़ते जाएंगे और अपने कामों को समय पर पूरा करने में सक्षम रहेंगे।

**मीन:** कोई उधार दिया हुआ या रुके हुए पैसे की वापसी होगी। आर्थिक समस्या के हल हो जाने से सुकून मिलेगा।

## चुटकुले

सुबह की चाय के साथ पत्नी बहुत सारी दवाईयां लेकर आई...
पत्नी (अपने पति से) - ये लो चाय के साथ कॉल्पोल खालो।
पति - नहीं मुझे बुखार नहीं है।
पत्नी - तो डाइजीन ले लो।
पति - नहीं मुझे गैस भी नहीं है।
पत्नी - तो फिर पुदीनहरा ले लो।
पति - नहीं मेरा पेट भी ठीक है।
पत्नी - लो कॉम्बिफ्लेम ही ले लो, हाथ-पैर दुखना बंद हो जाएगा।
पति - अरे कमाल करती हो, मुझे कुछ नहीं हुआ है, मैं एकदम ठीक हूं, तंदुरुस्त हूं।
पत्नी - तो फटाफट उठो, सफाई के साथ बहुत काम करना है...!

---

एक शादीशुदा आदमी ने अपनी कविता में लिखा
मांग भरने की सजा कुछ इस कदर पा रहा हूं...!
कि मांग पूरी करते-करते खुद मांग के खा रहा हूं...!

### सरकार की ओर से जारी रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# सूबे के सात जिलों का GSPD में 54% योगदान





**मुंबई।** महाराष्ट्र के 36 जिलों में से केवल सात जिले सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 54 प्रतिशत का योगदान करते हैं, जो 2024 में 45 लाख करोड़ रुपये था।

एक सरकारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। देश में आर्थिक महाशक्ति माने जाने वाले राज्य में आर्थिक गतिविधियां बड़े पैमाने पर केंद्रित हैं, इन सात जिलों में मुंबई, पुणे और नागपुर जिले शामिल हैं।

16वें वित्त आयोग को सरकार की ओर से भेजी गई एक रिपोर्ट से पता चला है कि महाराष्ट्र के 18 जिलों की विकास दर जीएसडीपी विस्तार दर के 0.8 गुना से भी कम है। इसके अलावे, प्रति व्यक्ति आय औसत राज्य आय से भी कम है। जीएसडीपी एक विशिष्ट अवधि के दौरान राज्य की सीमाओं के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को मापता है।

इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत का 148 प्रतिशत है, जबकि राज्य के 12 जिलों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से कम है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार ने पांच वर्षों की जिला रणनीतिक योजनाएं तैयार की हैं, जिन्हें विश्व बैंक की परियोजना से समर्थन प्राप्त है, ताकि इन 36 प्रशासनिक इकाइयों की सापेक्षिक शक्तियों के आधार पर संतुलित आर्थिक विकास में तेजी लाई जा सके।

**जिलों के सालाना खर्च में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी :** रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार ने विकास से जुड़ी रणनीतियों के लिए प्रशासन को धन मुहैया कराने के लिए कई फैसले लिए हैं। चालू वित्त वर्ष में जिला वार्षिक योजना परिव्यय को 11 प्रतिशत बढ़ाकर 20,150 करोड़ रुपये कर दिया है। इसके तहत जिला कलेक्टरों को जिला रणनीतिक योजना (डीएसपी) में चिन्हित परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए वार्षिक योजना की कम से कम 25 प्रतिशत राशि खर्च करने का निर्देश दिया गया है। त्वरित वित्तपोषण से जिलों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी और इससे विकास में और वृद्धि होगी। आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों को अतिरिक्त वित्तपोषण प्रदान किया जा रहा है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- 1 जनवरी 2017 तक, नाइजीरिया की आबादी 189,559,502 लोगों की अनुमानित थी। नाइजीरिया अफ्रीका में सबसे अधिक आबादी वाला देश है और दुनिया में सातवां सबसे अधिक आबादी वाला देश है।
- तीसरा मुख्यभूमि ब्रिज, जो मुख्य भूमि पर लागोस को जोड़ता है, अफ्रीका में सबसे लंबे पुलों में से एक है!
- नाइजीरिया की अधिकारिक मुद्रा को नायर कहा जाता है।
- फुटबॉल, या संयुक्त राज्य अमेरिका में सॉकर, देश के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। इसकी राष्ट्रीय टीम ने अफ्रीका कप को तीन बार जीता है।
- नाइजीरिया के तीन सबसे धनी पास्टरों ने मार्च 200 9 और मार्च 2011 के बीच निजी जेट्स पर $ 60 मिलियन से ज्यादा खर्च किए थे।
- अबूजा नाइजीरिया की राजधानी है। यह एक योजनाबद्ध शहर है और इसे मुख्य रूप से 1 9 80 के दशक में बनाया गया था, 12 दिसंबर 1 99 1 तक देश की सबसे अधिक आबादी वाला शहर लागोस था।

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 25 05 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



करण जौहर
फिल्म डायरेक्टर



मानवी सैनी (गुनगुन) | नैंसी सैनी | दक्ष | शिवांगी त्यागी



वंदना भारद्वाज | सोनिका ए. नागी | एमआर शर्मा | अरविंद सिंह | हसीन चौधरी



गुल्लू प्रधान | नवनीत चौधरी | निग्रह आर्य | आशीष | पवन राघव



संजय सिंह | विजय मान | विपिन गुर्जर | दीपक कुमार | तनशील भल्ला | गौरव चौधरी



नरेंद्र ठाकुर | कृष्ण मेहता | ईशान त्यागी | रौशन लाल लांबा | विपिन नागर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# नीरज चोपड़ा कुसोसिन्स्की मेमोरियल में दूसरे स्थान पर रहे



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा शुक्रवार को ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे, जबकि जर्मनी के जूलियन वेबर शीर्ष पर रहकर विजेता बने। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स तीसरे स्थान पर रहे। हाल ही में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले नीरज इस टूर्नामेंट में लय में नजर नहीं आए और उन्होंने 84.14 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से दूसरा स्थान हासिल किया। वेबर 86.12 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ विजेता बनने में सफल रहे।

नीरज के छह में से तीन प्रयास फाउल करार दिए गए और उन्होंने आखिरी प्रयास में जाकर वापसी की। दोहा डायमंड लीग में अपने करियर का शानदार प्रदर्शन करने वाले नीरज पोलैंड में उस प्रदर्शन को नहीं दोहरा सके। जूलियन वेबर ने यहां भी नीरज को पीछे छोड़ा और शुरूआत से लेकर अंत तक अपना दबदबा बनाए रखा।

### नीरज की फाउल से शुरूआत

नीरज चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में फाउल किया। हालांकि, नीरज अपने पहले प्रयास से खुश भी दिखे। दोहा डायमंड लीग में नीरज को पछाड़ने वाले जूलियन वेबर ने अच्छी शुरूआत की और पहले प्रयास में 80 मीटर की दूरी पर भाला फेंकने में सफल रहे। जर्मनी के वेबर ने पहले प्रयास में 80.77 मीटर का थ्रो किया। वहीं, पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स ने 80.72 मीटर के थ्रो के साथ शुरूआत की। इस तरह वेबर पहले प्रयास के बाद शीर्ष पर रहे। तीसरे प्रयास में एक बार फिर नीरज ने फाउल किया, जूलियन ने 83.72 मीटर का थ्रो किया। वहीं, पीटर्स 83.24 मीटर का थ्रो करने में सफल रहे। नीरज लगातार तीसरे स्थान पर बने रहे। जूलियन ने अपने पहले तीन प्रयास में काफी प्रभावित किया और शीर्ष पर अपनी बढ़त बनाए रखी। नीरज का निराशाजनक प्रदर्शन चौथे प्रयास में भी जारी रहा और उन्होंने एक बार फिर फाउल किया। वह अपने इस प्रयास से काफी निराश दिखे और स्टैंड्स पर बैठे कोचिंग सदस्य के साथ कुछ चर्चा करते नजर आए। चौथे प्रयास में वेबर 81.63 मीटर और पीटर्स 81.16 मीटर का थ्रो करने में सफल रहे। नीरज ने इसके बाद पांचवें प्रयास में 81.90 मीटर का थ्रो किया जिससे वह शीर्ष तीन पर बरकरार रहे।

### दूसरे प्रयास में नीरज ने की वापसी

नीरज ने खराब शुरूआत के बाद दूसरे प्रयास में वापसी की और 81.28 मीटर का थ्रो किया। नीरज इसके साथ ही शीर्ष तीन में शामिल हुए। हालांकि, नीरज अपने प्रयास से खुश नजर नहीं आए। वह बड़ा थ्रो मारना चाहते थे, लेकिन उनका थ्रो 81 मीटर के पार नहीं जा सका। ग्रेनाडा के पीटर्स ने दूसरे प्रयास में 81.48 मीटर का थ्रो किया। जूलियन वेबर हालांकि, दूसरे प्रयास में भी सब पर भारी पड़े और उन्होंने 86.12 मीटर का थ्रो किया जो जीत हासिल करने के लिए काफी रहा।

### छठे प्रयास में फेंका सर्वश्रेष्ठ थ्रो

नीरज ने अपने छठे और आखिरी प्रयास में 84.14 मीटर का थ्रो किया जो उनका इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। नीरज इस टूर्नामेंट में 84 मीटर को पार नहीं कर सके, लेकिन तीसरे से दूसरे स्थान पर आने में सफल रहे। एंडरसन पीटर्स ने आखिरी प्रयास में फाउल किया। इस तरह नीरज उन्हें पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। नीरज 2021 के बाद से कभी किसी टूर्नामेंट में दूसरे स्थान से नीचे नहीं रहे हैं और उन्होंने यहां भी इस लय को बरकरार रखा। वेबर ने छठे प्रयास में 85.11 मीटर का थ्रो किया।

# शीर्ष दो के लिए दावा मजबूत करने उतरेगी पंजाब
## दिल्ली की टीम में अक्षर की होगी वापसी?



**मुंबई।** पंजाब किंग्स 11 वर्ष बाद आईपीएल के प्लेऑफ में प्रवेश करने में सफल रही है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली यह टीम शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स के सामने होगी तो उसकी कोशिश शीर्ष-2 में रहकर प्लेऑफ खेलने की होगी। अगर ऐसा होता है तो 11 वर्ष में पहली बार पंजाब शीर्ष दो में रहकर प्लेऑफ में पहुंचेगी। 2008 में टीम तीसरे और 2014 में दूसरे स्थान पर रही थी। पंजाब को विदेशी खिलाड़ियों की सेवाएं मिल रही हैं। स्टोइनिस, जोश इंगलिस, हार्डी और जेमिसन तीन दिन पहले ही टीम से जुड़ गए हैं। वहीं, दिल्ली सम्मान की लड़ाई लड़ने उतरेगी।

### शानदार शुरूआत के बावजूद पिछड़ी दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने इस टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया। उन्होंने अपने पहले चारों मुकाबले जीते। बावजूद इसके टीम अपने प्रदर्शन को कायम नहीं रख पाई। खासतौर पर उसका अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, जिसका खामियाजा उसे टूर्नामेंट से बाहर होकर भुगतना पड़ा। मिचेल स्टार्क की जगह आए बांग्लादेश के गेंदबाज मुस्तफिजुर, स्टार्क जैसा प्रभाव नहीं छोड़ पाए। दिल्ली के लिए पिछले मैच में नियमित कप्तान अक्षर पटेल उपलब्ध नहीं थे और उनकी जगह फाफ डुप्लेसिस ने टीम की कमान संभाली थी। डुप्लेसिस ने टॉस के दौरान बताया था कि अक्षर बीमार हैं जिस कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। अक्षर की उपलब्धता पर फैसला मैच से पहले ही लिया जाएगा, लेकिन दिल्ली की टीम अपने अभियान का अंत जीत के साथ करना चाहेगी।

# भारत ए टीम से नौ चेहरों को मिली इंग्लैंड दौरे के लिए सीनियर टीम में जगह, सरफराज-हर्षित शामिल नहीं



**मुंबई।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए शनिवार को भारतीय सीनियर टीम का एलान हो गया है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये टीम की घोषणा की। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल की अगुआई में जाएगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट प्रारूप का नया कप्तान बनाया गया है।

सीनियर टीम के दौरे से पहले भारत ए टीम को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो टेस्ट खेलने हैं जिसके लिए कुछ दिनों पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम घोषित की थी। भारतीय सीनियर टीम में ऐसे नौ चेहरों को जगह मिली है जो इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए टीम का भी हिस्सा हैं, इनमें गिल और साई सुदर्शन भी शामिल हैं जो भारत ए टीम के लिए सिर्फ दूसरे टेस्ट में खेलेंगे। भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच ये दो मुकाबले कैंटरबरी और नॉर्थम्पटन में खेले जाएंगे। इस दौरे का अंत भारत की सीनियर टीम के खिलाफ मैच के साथ होगा। भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला मुकाबला 30 मई से दो जून तक खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला छह से नौ जून तक नॉर्थम्पटन में होगा। इसके बाद टीम 13 से 16 जून तक इंट्रा स्क्वाड मैच खेलेगी। इसके बाद 20 जून से भारत और इंग्लैंड की सीनियर टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। जिन नौ चेहरों को भारत ए के साथ-साथ सीनियर भारतीय टीम में शामिल किया गया है उनमें गिल, अभिमन्यु ईश्वरन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, आकाश दीप और साई सुदर्शन शामिल हैं। इस टीम में सरफराज खान और हर्षित राणा सहित 11 खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्हें भारत ए टीम के लिए तो चुना गया, लेकिन सीनियर टीम में जगह नहीं बना सके।

# इंग्लैंड दौरे पर पांचों मैच नहीं खेलेंगे बुमराह?

### बुमराह की फिटनेस हमेशा चिंता का विषय

चयन समिति ने गिल को कप्तानी सौंपी है जो टेस्ट में भारत के 37वें कप्तान होंगे। ऋषभ पंत इस सीरीज के लिए उपकप्तान नियुक्त किए गए हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू हो रही है। बुमराह ने रोहित की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो मैचों में टीम की कमान संभाली थी, लेकिन वह पांचवें टेस्ट मैच के दौरान चोट के कारण बाहर हो गए थे। बुमराह की फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन हमेशा ही चिंता का विषय रहा है और यही कारण है कि रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद भी चयनकर्ताओं ने उन्हें कमान नहीं सौंपी।

**मुंबई।** भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच टेस्ट मैचों में उपलब्ध रहना तय नहीं है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने भारतीय टीम का एलान करते हुए बताया कि कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए बुमराह का सभी मैच में खेलना मुश्किल है। अगरकर ने कहा कि यह फैसला भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के फिजियो और डॉक्टरों की सलाह के बाद लिया गया है।

बीसीसीआई ने शनिवार को इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का एलान किया। भारत शुभमन गिल के नेतृत्व में इस सीरीज में खेलने उतरेगा। अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, जिस तरह फिजियो और डॉक्टरों ने हमें बताया है, मुझे नहीं लगता कि बुमराह सभी पांच मैचों में उपलब्ध रह सकेंगे। वह तीन या चार कितने मैचों में खेलेंगे इसका फैसला इस पर निर्भर करेगा कि सीरीज कैसी चल रही है और उनका शरीर कितना वर्कलोड ले पा रहा है। बुमराह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। अगर वह तीन या चार टेस्ट मैचों के लिए भी फिट रहे तो हमें टेस्ट मैच जिता सकते हैं।

अगरकर ने कहा, हमें इस बात की खुशी है कि बुमराह फिट हैं और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जिस तरह उन्हें झटका लगा था वो ज्यादा गंभीर नहीं रहा। बुमराह फिर से खेल रहे हैं। मुझे पता है कि फिलहाल वह टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं, लेकिन हमने देखा है कि वह आईपीएल में किस तरह का प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि बुमराह भारतीय टीम का हिस्सा हैं।

### शमी की फिटनेस बनी बाधा?

इस टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी शामिल नहीं हैं। शमी को इससे पहले चोट के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भी नहीं चुना गया था। शमी को लेकर अगरकर ने कहा, हमने शमी के साथ बातचीत की थी। शमी टेस्ट सीरीज के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मौजूदा स्थिति में वह पांच टेस्ट मैच खेल सकते हैं। मुझे ये भी नहीं लगता कि वह उतने फिट हैं जितनी जरूरत है। मेडिकल टीम ने हमें बताया है कि शमी सीरीज में नहीं खेल सकते हैं। दुर्भाग्य से, हमें उम्मीद थी कि वह सीरीज के किसी हिस्से में हमारे लिए उपलब्ध होंगे।



# करुण की 7 साल तो शार्दुल की 16 महीने बाद वापसी



**मुंबई।** करुण नायर को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उनकी भारतीय टीम में सात साल बाद वापसी हुई है। इसके अलावा ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को भी घरेलू टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। उनकी 16 महीने बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी हुई है। वहीं, टेस्ट में अब भारत को एक नई स्पिन जोड़ी देखने को मिलेगी। अब मैदान पर रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा नहीं, बल्कि जडेजा के साथ कुलदीप यादव खेलते दिखेंगे। भारतीय चयन समिति ने शनिवार को भारतीय टीम का एलान किया। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। इसमें छह मुख्य बल्लेबाज, दो विकेटकीपर बल्लेबाज, दो स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर, दो पेस बॉलिंग ऑलराउंडर और पांच मुख्य तेज गेंदबाज और एक विशेषज्ञ स्पिनर शामिल हैं।

### करुण नायर की वापसी किसी फिल्मी कहानी जैसी

हाल फिलहाल में घरेलू क्रिकेट में कई बेहतरीन पारियां खेलने वाले नायर के लिए दो-दो खुशखबरी सामने आई है। उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय-ए टीम के बाद सीनियर भारतीय टीम में भी चुना गया है। उनकी वापसी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। साल 2022 में क्रिकेट में लगातार नाकामी के बाद उन्होंने एक भावुक कर देने वाला पोस्ट लिखा था। नायर ने एक्स पर लिखा था, 'प्रिय क्रिकेट, मुझे एक और मौका दें।' अब उन्हें एक और मौका मिल गया है और इस मौके को वह जोरदार तरीके से भुनाना चाहेंगे।' नायर ने 2016 में भारत के लिए डेब्यू किया था, लेकिन टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने के बावजूद टीम के लिए लंबे समय तक खेलने में नाकाम रहे। एक बार जब वह टीम से बाहर हो गए, तो वह कभी नहीं लौटे। 2022 में कर्नाटक की टीम से बाहर किए जाने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया 'प्रिय क्रिकेट' वाला पोस्ट किया था। इंग्लैंड में भारतीय टीम के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन निश्चित रूप से इस दाएं हाथ के बल्लेबाज को लंबे समय तक टीम इंडिया में बनाए रखेगी।

# मैथ्यू फोर्ड ने रचा इतिहास, जड़ा सबसे तेज वनडे अर्धशतक; इस मामले में की डिविलियर्स की बराबरी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के युवा बल्लेबाज मैथ्यू फोर्ड ने सबसे तेज अर्धशतक के साथ तहलका मचा दिया। आयरलैंड के खिलाफ खेले गए वनडे मैच में फोर्ड ने दमदार प्रदर्शन किया और 16 गेंदों में शानदार अर्धशतक जड़ा। इसी के साथ उन्होंने एबी डिविलियर्स के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली जो दिग्गज बल्लेबाज ने 2015 में बनाया था।

डबलिन में खेले गए इस मुकाबले में 23 वर्षीय बल्लेबाज ने 19 गेंदों का सामना किया और 58 रन बनाए। इस विस्फोटक पारी के दौरान उनके बल्ले से दो चौके और आठ छक्के निकले। इसी के साथ फोर्ड ने एबी डिविलियर्स की बराबरी कर ली। पूर्व खिलाड़ी ने 16 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था, अब फोर्ड ने भी इतनी ही गेंदों में शानदार अर्धशतक जड़कर उनकी बराबरी कर ली है।



# कुश्ती: बेटियों का दबदबा...18 में से छह पुरुष, सात में से पांच बालिकाओं ने जीते मेडल

**नई दिल्ली।** मुज्जफरनगर में हो रही प्रादेशिक कुश्ती प्रतियोगिता में बेटियों ने बेटों को पीछे छोड़ दिया है। वाराणसी के कुल 25 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में 18 ने मैट पर दांव आजमाए। छह ने पदक जीता जबकि बालिका वर्ग में 7 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें पांच ने पदक जीता। पुरुष वर्ग में 45 प्रतिशत जबकि महिला वर्ग में 98 प्रतिशत खिलाड़ियों ने सफलता हासिल की है।

बालिका वर्ग के 46 किलो में आंचल यादव ने स्वर्ण पदक, 49 किलो में अन्नू यादव ने कांस्य, 53 किलो में रंजना यादव ने रजत, 69 किलो में पलक यादव ने कांस्य और 73 किलो में जाह्नवी रजत पदक जीता। पुरुष वर्ग में सौरभ ने लगातार पदक जीते हैं। पटना में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रजत जबकि प्रादेशिक में स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है।

अंडर-17 सब जूनियर बालक वर्ग की फ्री स्टाइल के 51 किलो भारवर्ग में बलराम यादव ने रजत पदक, 80 किलो में सौरभ यादव ने स्वर्ण और 92 किलो में सतपाल यादव ने रजत पदक जीता है। ग्रीको रोमन बालक वर्ग के 110 किलो भारवर्ग में विकास ने स्वर्ण, विशाल यादव ने रजत और अवधेश यादव ने कांस्य परक जीता। यूपी कुश्ती संघ के महासचिव सुरेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सात में पांच ने पदक जीता। फ्री स्टाइल में नौ खिलाड़ियों ने वाराणसी का प्रतिनिधित्व किया। तीन ने पदक जीतने में सफलता हासिल की।

ग्रीको रोमन में नौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और तीन ने पदक जीते। सब जूनियर बालक-बालिका प्रादेशिक कुश्ती 19 से 21 मई तक मुजफ्फरनगर में खेली गई। प्रतियोगिता में छह खिलाड़ी गया सेठ अखाड़े, सिगरा के तीन और अखाड़ा स्वामीनाथ, बरेका, अजगरा और निवेदिता के दो-दो जबकि अन्य अखाड़ों के एक-एक खिलाड़ी शामिल हुए।



### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेंगे तीन खिलाड़ी

तीन खिलाड़ियों ने कुश्ती की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। स्वर्ण पदक जीतकर सौरभ यादव ने चंडीगढ़ राष्ट्रीय सब जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश कुश्ती टीम में जगह बनाई है। खिलाड़ी फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला वर्ग में अलग-अलग स्पर्धा में खेलेंगे।

### 87 खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

विश्व कुश्ती दिवस पर शुक्रवार को सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। कुश्ती कोच गोरखनाथ यादव ने बताया कि बालक-बालिका वर्ग में 87 खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। विश्व कुश्ती दिवस 23 मई को मनाया जाता है।

लेढ़ूपुर मैदान पर क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को फाइनल में नाइटराइडर्स ने सुपर किंग्स को दो विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। बल्लेबाजी कर सुपर किंग्स ने 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाए। कृष्णकांत ने 26, गौरव ने 15 रन की पारी खेली। नाइटराइडर के अजीत यादव ने 2 विकेट झटके।

नाइटराइडर्स के कप्तान अजीत यादव ने 17, कृष्णा यादव ने 17 रन बनाए। 6.5 ओवर में 7 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। गेंदबाजी में सुपर किंग्स के अमन सिंह और गौरव यादव ने 3-3 विकेट झटके। अमन सिंह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने। मुख्य अतिथि मंजू यादव और प्रधानाचार्या रेखा ऋषिकेश पांडेय ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद बीएचयू की ओर से ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में शुक्रवार को शिवाजी हॉल में भारोत्तोलन का प्रशिक्षण दिया गया। कोच डॉ. प्रमोद यादव ने बताया कि दो सत्र में 23 खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। बीएचयू क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. बीसी कापरी ने बताया कि शिविर 15 मई से 15 जून तक है। अंडर-14 खिलाड़ियों को अलग-अलग खेलों के कोच प्रशिक्षण दे रहे हैं।



### 100 खिलाड़ी ले रहे वॉलीबॉल का प्रशिक्षण

सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में वॉलीबॉल के शिविर में 100 खिलाड़ी बारीकियां सीख रहे हैं। कोच पूजा यादव ने बताया कि वॉलीबॉल अंगुली, कलाई और पंजों के तालमेल का खेल है। हाथ के अगले हिस्से का प्रयोग कर बॉल को अलग-अलग एंगल से हिट करना होता है। युवा बालक-बालिका खेल में रुचि ले रहे हैं।

### 120 इन्फ्लुएंसर क्रिकेट में दिखाएंगे दम

बनारस क्रियेटर्स क्रिकेट लीग (बीसीसीएल) रोहनिया के डालिम्स सनबीम स्कूल के खेल मैदान पर होगा। प्रतियोगिता में बनारस के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की छह टीमें खेलेंगी। एडिशनल डायरेक्टर और आयोजन सचिव माहिर मधोक ने बताया कि टी-10 कैन्वास क्रिकेट सुबह छह से नौ बजे तक खेला जाएगा। मुकाबले लीग फार्मेट में होंगे। सोशल मीडिया पर 10 हजार फॉलोवर वाले इन्फ्लुएंसर को ही टीम में जगह मिली है। पहला मौका है जब जिले के 120 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर क्रिकेट मैदान पर बैट और बॉल के साथ हुनर दिखाएंगे। सुबह सेमीफाइनल और शाम को फाइनल होगा। 25 मई से 25 जून तक रोज दो मैच खेले जाएंगे। इस मौके पर खिलाड़ी बनारसी जायके का भी लुत्फ उठाएंगे।

स्कूल और कॉलेज में ग्रीष्मकालीन अवकाश की वजह से पार्क और मैदान गुलजार हैं। मैदानों में खिलाड़ियों की संख्या जबरदस्त बढ़ी है। शहीद उद्यान पार्क सिगरा में रोज सुबह और शाम 300 बालक बालिकाएं बैडमिंटन और क्रिकेट खेल रहे हैं। परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में बालिकाओं की संख्या बढ़ी है।

36वीं हैंडबॉल फेडरेशन कप चैंपियनशिप की शुरूआत शुक्रवार को वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के बहुउद्देशीय हॉल में हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच खेला गया। एकतरफा मुकाबले में यूपी ने 14-5 से जीत दर्ज की। मैच में वाराणसी की चार खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। नैना, रेशमा और सुमन ने 4-4 गोल किए। गोलकीपर ऊषा ने शानदार बचाव किए। पूल एक के पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के बीच खेले गए मुकाबले में कांटे की टक्कर देखने को मिली। लेकिन, उत्तर प्रदेश की टीम आंध्र प्रदेश पर भारी पड़ी और मैच 23-16 से जीत लिया। पूल बी में सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ) और पंजाब के बीच मैच खेला गया। सीआईएसएफ ने पंजाब को 27-18 से हराया। पूल ए के मुकाबले में सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) की टीम ने केरल को 32-16 से हराकर आगे की राह बनाई।




### गहनी के खेल मैदान पर ग्रीष्मकालीन फुटबॉल शिविर

गहनी के सीएट कॉलेज के खेल मैदान पर पंद्रह दिवसीय ग्रीष्मकालीन फुटबॉल शिविर 25 मई से शुरू होगा। यूपीएससी के शिविर में प्रशिक्षण के लिए अलग-अलग स्कूलों के 100 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। शुरूआत सुबह साढ़े छह बजे होगी। समापन आठ जून को होगा। सचिव सत्येंद्र बहादुर सिंह प्रशिक्षण देंगे। खिलाड़ियों को किट भी दिए गए। सीएट कॉलेज एवं यूपीएससी की ओर से जुलाई से अंतर स्कूल फुटबॉल लीग होगा।

### खोखो : कोमल ने होल्कर को दिलाई जीत

बच्छाव के महामना मालवीय इंटर कॉलेज में शुक्रवार को खो-खो का अभ्यास मैच खेला गया। कोमल के आठ अंक से होल्कर सदन की टीम ने शिवाजी सदन को हरा दिया। होल्कर की टीम ने 17-16 अंक से बाजी मारी। अहिल्याबाई होल्कर सदन की कोमल अंजलि, शिवानी जबकि शिवाजी सदन की ओर से शिवा पटेल ने स्कोर किया। खेल शिक्षक डॉ. जितेंद्र ने बताया कि माध्यमिक विद्यालयीय शिविर स्कूल में लगाया गया है। अलग-अलग खेलों के 700 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## शराब पीकर गाली देने पर की हत्या मोदीनगर में 5 दोस्तों ने साथी का गला दबाया, शव जलाया; 26 दिन बाद खुला राज

**- शव की डीजल डालकर जलाया, जलने तक रुके रहे आरोपियों ने शव को छिपाने के लिए झाड़ियों में रखा।**



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर में एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान उमाशंकर शर्मा (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, घटना 27 अप्रैल की है। उस दिन उमाशंकर अपने 5 साथियों के साथ शराब पी रहा था। पहले वे एक होटल पर बैठे और फिर हैरीटेज एकेडमी के पीछे चले गए। वहां उमाशंकर गालियां देने लगा। साथियों ने उसे समझाने की कोशिश की। लेकिन वह नहीं माना। इस पर आरोपियों ने गमछे से उसका गला दबा दिया। शव की डीजल डालकर जलाया, जलने तक रुके रहे आरोपियों ने शव को छिपाने के लिए झाड़ियों में रखा। फिर उस पर डीजल डालकर जला दिया। जब तक शव पूरी तरह नहीं जला, वे वहीं रुके रहे। इसके बाद सभी अपने घर लौट गए और रोजमर्रा के काम में लग गए। मृतक के भाई दुष्यंत शर्मा ने बताया कि उमाशंकर मजदूरी करते थे। उनकी पत्नी की 8 साल पहले मृत्यु हो चुकी थी। उनके तीन बच्चे दुष्यंत के साथ रहते हैं।

पुलिस ने नीरज सैनी, अजय उर्फ छिद्दा, पंकज सैनी, मनोज सैनी और गौरव सैनी को गिरफ्तार किया है। हत्या में प्रयुक्त गमछा भी बरामद कर लिया गया है। घटनास्थल से मिले अवशेषों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

## डीएम ने वार्ड में की जनसमस्याओं की समीक्षा

## पिलखुवा में खाली प्लॉट में कूड़ा डालने पर होगी कार्रवाई, मालिकों को चारदीवारी के निर्देश



**हापुड़।** हापुड़ के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने नगर पालिका परिषद पिलखुवा के वार्ड नंबर 15 लखपत सिंह की मड़ैया का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति और पेयजल की स्थिति की जानकारी ली। निवासियों ने बताया कि पानी और बिजली की आपूर्ति समय पर हो रही है। जिलाधिकारी ने खाली प्लॉटों में कूड़ा देखकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को कूड़ा हटवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खाली प्लॉटों पर नगर पालिका का बोर्ड लगाने के आदेश दिए। इससे लोग वहां कूड़ा नहीं फेंक सकेंगे। उन्होंने प्लॉट मालिकों को 15 दिन के भीतर चारदीवारी बनाने का नोटिस जारी करने को कहा। कूड़ा डालने वालों पर जुमार्ना लगाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला अधिकारी धौलाना शुभम श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद पिलखुवा इंद्रपाल सिंह सभासद और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी की शिकायत करने गई महिलाओं का हंगामा

### पुलिस चौकी पर अभद्रता का आरोप, दिल्ली-मेरठ मार्ग पर लगाया जाम





**- महिलाओं का आरोप है कि उनके नाम से कई बैंक खाते खोल लिए गए। इन खातों से हर महीने लाखों रुपए का लेन-देन हो रहा है।**

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर में एक दर्जन से अधिक महिलाएं गोविंदपुरी पुलिस चौकी पहुंचीं। महिलाओं ने बताया कि कॉलोनी के एक युवक ने सरकारी योजना का झांसा देकर उन्हें 50 हजार रुपए के कम ब्याज वाले लोन का लालच दिया। एक अन्य व्यक्ति ने कॉलोनी की 15 महिलाओं से आधार कार्ड, पैन कार्ड समेत कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। महिलाओं का आरोप है कि उनके नाम से कई बैंक खाते खोल लिए गए। इन खातों से हर महीने लाखों रुपए का लेन-देन हो रहा है। बैंक में जानकारी मांगने पर अधिकारियों ने पासबुक लाने को कहा। महिलाओं को आशंका है कि उनके खातों का इस्तेमाल काले धन को सफेद करने में किया जा रहा है। पुलिस चौकी में शिकायत के दौरान चौकी प्रभारी पर एक गर्भवती महिला से अभद्रता करने और उसका मोबाइल छीनने का आरोप लगा। इससे नाराज महिलाओं ने दोपहर दो बजे दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लगा दिया। मोदीनगर थानाप्रभारी प्रशांत त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने कहा कि अभद्रता के आरोपों की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों को पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्राः एकता और देशभक्ति की भावना का दिया संदेश







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर बदला लिया। शनिवार को वार्ड 41 झंडापुर महाराजपुर के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकली गई।

पार्षद भूपेंद्र उपाध्यय ने बताया कि देश के सैनिकों ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया। जिसमें आतंकी पलते बढ़ते थे। आतंकियों ने हमारी माताओं-बहनों का सिंदूर उजाड़ा तो उनके केंद्र को उजाड़ने का काम हमारे सैनिकों ने किया। हम उनके अदम्य साहस को नमन करते हैं। कहा कि अब पाकिस्तान ने नजर उठाकर देखा तो कड़ा प्रहार होगा, इस यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर सैनिकों की जय से देशभक्ति की भावना को और भी मजबूत करता है। इस यात्रा में शामिल होने वाले सभी कार्यकताओं और नागरिकों का आभर व्यक्त किया। इस अव6 पर मोहन लाल गौड, महेश उपाध्याय, नंद किशोर वसिष्ठ, भीम चौधरी, अनिल वर्मा, सोनू चौधरी अध्यक्ष युवा मोर्चा, लक्की त्यागी, राहुल परिहार, भास्कर कुँवर सिंह, छोटे लाल पाल, रतन उपाध्याय, हरीश सक्सैना, लाली यादव, संगीता चौहान, हेमलता शर्मा, पुष्पेंद्र बहादुर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## पार्षद कविता प्रवीन भाटी के अथक प्रयासों से हुआ वर्षों पुरानी समस्या का समाधान

## वार्ड 83 के सी ब्लॉक में नई सीवर लाइन कार्य का हुआ शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को वार्ड 83 के अंतर्गत आने वाले सी ब्लॉक, श्यामपार्क एक्सटेंशन क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही सीवर समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, नई सीवर लाइन डलवाने के कार्य का शुभारंभ पार्षद कविता प्रवीन भाटी के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मोतीलाल मिश्रा द्वारा नारियल फोड़कर की गई। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारीगण तथा कर्मचारी बंधु भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे कार्य की निगरानी और सहयोग में भागीदारी निभाई। इस क्षेत्र में लगभग 20 परिवार ऐसे थे जो प्रतिदिन सीवर ओवरफ्लो, जलभराव, दुर्गंध और गंदगी जैसी गंभीर समस्याओं से परेशान थे। पुरानी सीवर लाइनें पूरी तरह जर्जर हो चुकी थीं और जगह-जगह से टूटी हुई थीं, जिससे नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

### सी ब्लॉक के निवासियों का धैर्य और भरोसा रंग लाया : पार्षद कविता प्रवीण भाटी



करंट क्राइम। पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने इस मुद्दे को प्राथमिकता दी और नगर निगम से तालमेल बनाकर इस कार्य को स्वीकृत करवाया। आज, नई सीवर लाइन डल जाने से इन प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत मिली है, और उन्हें वर्षों बाद इस मूलभूत सुविधा का लाभ प्राप्त हुआ है। उद्घाटन के अवसर पर पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने कहा, सी ब्लॉक के निवासियों की यह परेशानी अब समाप्त हो चुकी है। उनका धैर्य और भरोसा रंग लाया है। मेरा प्रयास हमेशा यही रहेगा कि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं समय पर मिलें।



### गणमान्य लोग मौजूद रहे

**करंट क्राइम।** स्थानीय निवासियों ने पार्षद के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया और इस कार्य को जनहित में एक सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर जयकृत कसाना, गुलशन कुमार, सचिन कसाना, सुशील शर्मा, सनित कसाना, हर्ष मिश्रा, संदीप, डॉ. अनिल शर्मा, प्रशांत, एस.एन. प्रसाद, जी.एस.रावत आदि लोग मौजूद रहे।

## पार्षद राहुल शर्मा ने किया विकास कार्य का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन के प्लॉट संख्या ब्लॉक ए 26 से लेकर ए 40 राधा कृष्ण मंदिर तक सभी बिल्डिंग के पास टाइल्स लगाने हेतु उद्घाटन वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्य की लागत लगभग 18 लाख रुपये है।

इस दौरान पार्षद का वार्ड वासियों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मौजूद ठेकेदार को कहा कि निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना, शैंकी वोहरा, देव सूरी, रोमिल अग्रवाल, अनिल, सुनील चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## जीडीए में रेरा प्रशिक्षण के अंतिम दिवस का हुआ समापन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में संचालित रेरा, रियल एस्टेट (रेगुलेशन एण्ड डेवलपमेंन्ट) एक्ट-2016 से सम्बन्धित प्रशिक्षण के तीसरे एवं अंतिम दिन दिनांक 24.05.2025 को राजेश मेहतानी ने एक्ट के प्राविधानों के तहत ओसी/सीसी के सम्बन्ध में यह बताया कि नियोक्ता द्वारा अपनी योजना के सम्बन्ध में विज्ञापन जारी करते समय रेरा पोर्टल पर पंजीकरण संख्या का उल्लेख करना आवश्यक होगा। प्रशिक्षण के दौरान राजेश मेहतानी ने यह भी बताया कि प्रत्येक योजना के लिए अलग से बैंक मे खाता खोल कर उस योजना के आवंटियों द्वारा जमा धनराशि को उसी योजना के क्रियान्यवन हेतु राशि खर्च की जाएगी। जिसके लिए प्राधिकरण के चार्टेड एडवोकेट, सम्बन्धित अभियन्त्रण खण्ड एवं वित्त विभाग के प्रमुख द्वारा अनुमोदन उपरान्त भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। किसी अन्य योजना में जमा धनराशि को किसी अन्य योजना मे समावेशित नही किया जा सकेगा।

इस प्रशिक्षण के समय प्राधिकरण के मुख्य अभियन्ता, विशेषकार्याधिकारी, संयुक्त सचिव, समस्त अधिशासी अभियन्तागण, सहायक अभियन्तागण, अवर अभियन्तागण, विधि अधिकारी के साथ समस्त लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी भी उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

## नोडल अधिकारी हीरालाल आयुक्त, निबंधक सहकारी समितियों ने किया विभिन्न गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण

### गोआश्रय स्थलों पर स्वच्छता, सौंदर्यता का ध्यान रखते हुए करायें पौधारोपणः नोडल अधिकारी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी हीरालाल आयुक्त एवं निबंधक सहकारी समितियां ने गोआश्रय स्थल पट्टी विकासखंड भोजपुर एवं औरंगाबाद गदाना, नगर पालिका परिषद मोदी नगर का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने गोआश्रय स्थल पट्टी पर गोवंश के स्वास्थ्य भरण पोषण, साफ सफाई एवं अभिलेकीकरण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशों का अध्ययन करें और शतप्रतिशत अनुपालन कराये। पशु चिकित्सा अधिकारी भोजपुर डॉ ज्योति को निर्देशित किया गया कि वे दैनिक रूप से अपने टीम के साथ गोआश्रय स्थल का भ्रमण करें एवं स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा करें। मृत पंजिका रजिस्टर में मृत्यु का कारण भी दर्ज करें। गोआश्रय स्थल पर वृक्षारोपण कराने, टीन शेड पर सफेद चूना या पेंट कराने के निर्देश दिए। गोआश्रय के पानी को वाटर हार्वेस्टिंग कराने के निर्देश दिए।। भूसा शेड का विस्तारीकरण करने के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद मोदी नगर द्वारा संचालित गोआश्रय स्थल पर साफ सफाई कराने के कड़े निर्देश नगर पालिका को दिए। कुछ गोवंश का स्वास्थ्य कमजोर दिखाई दे रहा था। उपपशु चिकित्सा अधिकारी मोदीनगर को कड़ाई से निर्देशित किया कि वह ऐसे गोवंश के स्वास्थ्य की नियमित जांच करें तथा उचित चिकित्सा करें। गोआश्रय स्थल पर छायादार वृक्ष लगवाने, शेड के फर्श को ठीक कराने, सोलर ऊर्जा संचालित कराने के लिए नगरपालिका मोदीननगर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी मोदीननगर, मुख्यपशुचिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद, ग्राम पंचायत अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, पशुचिकित्सा अधिकारी आदि अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## जल्द बढ़ेगी कोतवालों की टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में कोतवालों की टेंशन बढ़ने की जानकारी मिल रही है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से प्रदेश स्तर पर एसीपी वाली लिस्ट आनी थी, उसके बाद अब जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक सर्किल के लिए एसीपी को अलॉट किया जाएगा। तो वहीं दो एसीपी की लिस्ट जारी की जा सकती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नर द्वारा जिन थाना प्रभारियों के बारे में सूचना एकत्रित की गई थीं, उसका परिणाम आने की प्रबल संभावना बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सिटी से लेकर देहात और नदिया पार वाले जोन से खबरें सुनाई देगी। तो लंबी पारी खेलने वाले कई थाना प्रभारी अपग्रेड किए जाएंगे। तो कुछ का जोन बदला जाएगा, उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले थ्री-स्टार के लिए दो साल वाला लिखित आदेश नहीं आया हो पर चर्चा है कि दो साल वाले प्रभारियों को भी विदा किया जाएगा। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सबसे टेंशन वाले सर्किल में किस एसीपी को कमान सौंपी जाएगी। इसको लेकर भी खूब चर्चा हो रही है। यहां किस महिला अधिकारी को तैनाती मिलेगी या देहात में कमान संभालने वाले एसीपी ही यहां पर ताल ठोकेंगे। सुनने में आ रहा है कि वर्तमान में रिलैक्स मूड में चल रहे देहात जोन से जुड़े रहे एसीपी को सिटी के सबसे प्रमुख और टेंशन वाले सर्किल के रूप में पहचान रखने वाले स्थान पर भेजा जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि थाना प्रभारी वाली लिस्ट में संख्या आधा दर्जन से अधिक रहने की पूरी-पूरी संभावना बनी हुई है। इसमें सिटी, देहात और ट्रांस हिंडन में तीन से चार परिवर्तन हर जोन में होने की चर्चा इन दिनों पुलिस ऑफिस और खास कार्यालय में सुनाई दे रही है। इस लिस्ट से यह भी क्लियर हो जाएगा की कमिश्नरेट वाले सिस्टम में आने वाले कई महीनों तक थानों में किन थ्री-स्टारों का जलवा रहेगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि कमिश्नरेट में वर्तमान में टू-स्टार प्रभारियों की संख्या अधिक है, इसमें भी कमी लाने की इस लिस्ट के जरिए पूरी पूरी कोशिश रहने वाली है, ऐसा सूत्र दावा कर रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि मई का अंतिम सप्ताह लिस्ट के नाम रहने वाला है। तो वहीं आने वाले दिनों में लखनऊ वाले साहब कौन होंगे, उसको लेकर भी स्थिति क्लियर हो जाएगी। वैसे भी अब केवल इसी सप्ताह की बात शेष है।




## गाजियाबाद पुलिस ने चेन लुटेरे को दौड़ाकर गोली मारी

### तालिब अपने साथी के साथ चेन लूटकर दिल्ली भाग जाता था, पुलिस पर झोका था फायर





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने शुक्रवार रात मुठभेड़ में एक लुटेरे को अरेस्ट किया है। जिसके पैर में पुलिस ने दौड़ाकर गोली मारी है। पुलिस ने मौके से एक लूटी हुई चेन, एक तमंचा और बाइक बरामद की है। पकड़े गए बदमाश का नाम तालिब है। जिसने पूछताछ में बताया कि मैं अपने साथी के साथ लूट करता और उसके बाद दिल्ली भाग जाता था।

पुलिस पर तमंचे से फायर किया

एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात शालीमार गार्डन पुलिस ऊअश कट पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान 2 युवक वजीराबाद रोड की तरफ से आते दिखाई दिए। जिनको चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया, यह दोनों नहीं रुके और अपनी बाइक पीछे मोड़कर वजीराबाद रोड की तरफ भागने लगे।

पुलिस ने दोनों का पीछा किया। इस बीच दोनों बदमाश बाइक छोड़कर भागने लगे। जहां पुलिस ने जबावी फायरिंग में एक के पैर में गोली मारी। घायल से पुलिस ने पूछताछ की। दूसरे फरार बदमाश का सुराग नहीं लगा। दोनों एक साथ मिलकर लूट करते थे।

घायल तालिब उर्फ टिक्की पुत्र मरहूम मेहरबान अली निवासी ईदगाह के सामने पसोंडा थाना टीलामोड गाजियाबाद का रहने वाला है। 25 वर्षीय तालिब 9 वीं फेल है। जिस पर दिल्ली और गाजियाबाद में लूट के 4 केस दर्ज हैं। वह अपने साथी मोनू पुत्र शाहिद के साथ 10 से ज्यादा लूट कर चुका है। लूट के बाद दिल्ली भाग जाते थे। बरामद लूटी हुई चेन शालीमार गार्डन क्षेत्र से एक महिला से लूटी थी।

## जीएमए ने 35वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन का किया आयोजन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन (जीएम) ने शनिवार, 24 मई 2025 को गौर सिटी, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) स्थित गौर सरोवर प्रीमियर में अपना 35वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस वर्ष का विषय था 'भविष्य को सशक्त बनाना :भारत की दिशा', जिसमें देश के प्रख्यात चिंतकों, उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने भारत की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया।



सम्मेलन का उद्घाटन एस.के. तिवारी, अध्यक्ष तथा डॉ. टी आर. पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जीएमए के स्वागत भाषण के साथ हुआ। उन्होंने नवाचार, नैतिक मूल्यों, सतत अध्ययन और अनुसंधान को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। श्री तिवारी ने राहुल अग्रवाल को जीएमए की मजबूती का आधार बताते हुए उनकी प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता की सराहना की।

सम्मेलन में रवि वेंकटेशन, ग्लोबल एनर्जी एलायंस के चेयरमैन और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के पूर्व चेयरमैन, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रिचर्ड रेकी, वाइस चेयर, ग्रांट थॉर्नटन इंडिया ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। डॉ. टी.आर. पांडे ने यूरो चार्ट सिस्टम का परिचय देते हुए कहा कि डेटा ही नया तेल है और एक मजबूत डिजिटल प्रणाली तथा एमएसएमई और बड़े उद्योगों की परस्पर निर्भरता को सतत विकास के लिए आवश्यक बताया। रवि वेंकटेशन ने तकनीक और उद्यमिता की शक्ति पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने जमीनी स्तर पर नेतृत्व, प्रशासनिक बाधाओं को कम करने, और 50% से अधिक जीडीपी में योगदान देने वाले एमएसएमई क्षेत्र की भूमिका पर बल दिया। सम्मेलन में मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र, तथा शैक्षणिक जगत पर केंद्रित तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जो नवाचार और सहयोग का मंच बने। समापन सत्र का नेतृत्व प्रो. (डॉ.) उमा सिंह, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा ने किया, जिन्होंने उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार प्रतिभाओं में शिक्षण संस्थानों की भूमिका को रेखांकित किया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें नेतृत्व और सामुदायिक विकास में उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में शामिल प्रतिष्ठित वक्ताओं में उदय नारंग (चेयरमैन, एंग्लियन ओमेगा ग्रुप), आनंद प्रकाश (निदेशक, जीआईक्यूसी), प्रो. (डॉ.) हरिवंश चतुर्वेदी (आईआईएलएम दिल्ली), और डॉ. आर. प्रसाद (आईसीएफआई) शामिल रहे, जिन्होंने सतत विकास और व्यापार परिवर्तन पर अपने विचार साझा किए।

# जब भी देश की बात होगी, हम सब साथ हैं
# जापान में सर्वदलीय सांसदों ने पाकिस्तान को घेरा

**टोक्यो ।** संजय झा ने पाकिस्तान पर भारत के खिलाफ छद्म युद्ध करने का भी आरोप लगाया।

जापान दौरे पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में कहा, 'हम पिछले 3 दिनों से जापान में हैं। प्रतिनिधिमंडल में सत्ताधारी और विपक्षी दलों के सदस्य हैं। हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, चुनाव हम एक-दूसरे के खिलाफ लड़ते हैं लेकिन जब देश की बात आती है, तो हम सब एक हैं। यह घटना (पहलगाम आतंकी हमला) कोई साधारण घटना नहीं है। पाकिस्तान पिछले 40 वर्षों से छद्म युद्ध लड़ रहा है, क्योंकि वह हमसे सीधा युद्ध नहीं कर सकता। भारत कई दशकों से आतंकवाद के खतरे का सामना कर रहा है। उन्होंने पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर उन्हें निशाना बनाया। मैं श्रीनगर गया था, वहां पर्यटन फल-फूल रहा था। जम्मू-कश्मीर में पूरी अर्थव्यवस्था पर्यटन पर आधारित है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी कैंपों को नष्ट किया।'



**जदयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में जापान पहुंचे भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को पाकिस्तान को जमकर खरी-खरी सुनाई। जदयू सांसद ने ये भी कहा कि जब बात देश की होती है तो हम सभी राजनीतिक पार्टियां आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं**

### अभिषेक बनर्जी बोले- एक भी नागरिक को नहीं पहुंचाया नुकसान

प्रतिनिधिमंडल में शामिल टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा, 'हमने पाकिस्तान को दो सप्ताह का समय दिया, यह सोचकर कि वे कुछ कार्रवाई करेंगे और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाएंगे। भारत ने 14 दिनों के बाद एयरस्ट्राइक्स किए और 9 आतंकी ढांचों को नष्ट कर दिया। हमने एक भी नागरिक की जान को खतरे में डाले बिना उन आतंकी ढांचों को नष्ट किया।' उन्होंने यह भी कहा, 'हम अलग-अलग राजनीतिक दलों से हो सकते हैं, लेकिन हमारा उद्देश्य एक ही है। हमारे प्रतिनिधिमंडल में जॉन ब्रिटास, सलमान खुर्शीद और मैं विपक्षी दलों से हैं, लेकिन जब देश की बात आती है, तो हम सभी एकजुट हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है। इस बार हम सबूत लेकर आए हैं। मैं चाहता हूं कि यहां रहने वाले लोग अपने समुदाय में पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा करें।

# बोइंग को आपराधिक केस से राहत की तैयारी, 346 मौतों वाले हादसे में होगा 1.1 अरब डॉलर का समझौता

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी न्याय विभाग विमान निमार्ता कंपनी बोइंग को बड़ी राहत देने की तैयारी में है। इसके तहत अमेरिकी न्याय विभाग और विमान निमार्ता कंपनी बोइंग के बीच एक समझौता होने जा रहा है, जिससे कंपनी पर चल रहा आपराधिक मुकदमा खत्म हो सकता है। बता दें कि यह मामला बोइंग 737 मैक्स विमान से जुड़ा है, जिनके दो भीषण हादसों में 2018 और 2019 में कुल 346 लोगों की मौत हुई थी




### 1.1 अरब डॉलर से अधिक का होगा समझौता

इस मामले में कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक, इस सैद्धांतिक समझौते के तहत बोइंग को 1.1 अरब डॉलर से अधिक की रकम चुकानी होगी और सुरक्षा व निगरानी में निवेश करना होगा। इसके बदले में न्याय विभाग कंपनी पर आपराधिक केस वापस ले लेगा। हालांकि, यह समझौता अभी अंतिम रूप में नहीं पहुंचा है।

वहीं इस मामले में न्याय विभाग ने कहा है कि यह समझौता बोइंग से तत्काल जवाबदेही सुनिश्चित करता है और मुकदमे की अनिश्चितताओं से बचाता है। लेकिन इस फैसले का कई पीड़ित परिवारों ने विरोध किया है। जहां पीड़ितों के वकील पॉल कैसेल ने कहा कि यह केस खत्म करना उन 346 लोगों की याद का अपमान होगा, जिनकी जान बोइंग की झूठी बातों और लापरवाही के कारण गई।

गौरतलब है कि इंडोनेशिया और इथियोपिया में पांच महीने के भीतर दो बोइंग 737 मैक्स विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। पीड़ितों के परिवार लंबे समय से सार्वजनिक सुनवाई और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# परमाणु हथियार पाक में सुरक्षित, भारत ने उठाई निगरानी की मांग तो पड़ोसी ने दी ये दलील

**इस्लामाबाद ।** आतंकवादियों का पनाहगाह पाकिस्तान अब एक बार फिर गीदड़भभकी पर उतर गया है। जहां पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा कि उसके परमाणु हथियारों की सुरक्षा प्रणाली और कमांड एंड कंट्रोल स्ट्रक्चर पूरी तरह मजबूत और भरोसेमंद हैं। विदेश मंत्रालय ने यह बयान एक मीडिया सवाल के जवाब में दिया, जिसमें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमारे पास एक मजबूत और व्यापक परमाणु सुरक्षा व्यवस्था है, और हमें अपने कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम पर पूरा भरोसा है। बता दें कि यह बयान भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के परमाणु हथियार अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में होने चाहिए क्योंकि ऐसे गैर-जिम्मेदार देश में वे सुरक्षित नहीं हैं। इसके साथ ही पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि भारत के साथ संघर्ष विराम जारी है और हम इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने साप्ताहिक ब्रीफिंग के दौरान कहा कि पाकिस्तान इस संघर्ष विराम को सफल बनाने और तनाव कम करने तथा फिर स्थिरता और मुद्दों के समाधान के लिए बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है। खान ने यह भी कहा कि दोनों सेनाओं के पास सैन्य संचालन महानिदेशकों के माध्यम से संचार का एक चैनल है, जिसके जरिये वे सैनिकों की आवाजाही के संदर्भ में तनाव कम करने के लिए काम कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि पाकिस्तान 10 मई को घोषित संघर्ष विराम के लिए प्रतिबद्ध है और हाल ही में दोनों पक्षों ने तनाव कम करने और स्थिरता की वापसी के लिए कदम उठाए हैं। ईरान और मिस्त्र के राष्ट्रपतियों से शहबाज ने की बातचीत पाकिस्तान के विदेश मंत्रायल ने आगे बताया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान और मिस्त्र के राष्ट्रपतियों से फोन पर बात की।

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख बने रहेंगे यूनुस, सेना से मतभेद पर जताई थी इस्तीफे की इच्छा

**ढाका ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस अपने पद पर बने रहेंगे। यह जानकारी शनिवार को उनके कैबिनेट के एक वरिष्ठ सलाहकार वाहीदुद्दीन महमूद ने दी। यह बयान ऐसे समय आया है जब यूनुस के इस्तीफे की अटकलें दो दिन पहले सामने आई थीं। यूनुस ने कथित तौर पर कहा था कि 'मौजूदा हालात में काम करना मुश्किल हो गया है'। बता दें कि, सरकार, सेना और तमाम राजनीतिक दलों के बीच उपजे मतभेद के कारण उनके इस्तीफा देने की आशंका तेज हो गई थी। जिम्मेदारी महत्वपूर्ण, हम इस कर्तव्य को नहीं छोड़ सकते' अंतरिम सरकार में योजना सलाहकार वहीदुद्दीन महमूद ने सलाहकार परिषद की एक औचक बैठक के बाद पत्रकारों से कहा 'उन्होंने (यूनुस) यह नहीं कहा कि वे पद छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि हमें सौंपे गए काम और जिम्मेदारियों को पूरा करने में कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन हम उन पर काबू पा रहे हैं'। वहीदुद्दीन महमूद ने आगे कहा- 'वे निश्चित रूप से बने रहेंगे।' उन्होंने कहा कि कोई भी सलाहकार कहीं नहीं जा रहा है क्योंकि 'हमें सौंपी गई जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है; हम इस कर्तव्य को नहीं छोड़ सकते'।



मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को छात्र नेतृत्व वाले नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के नेताओं से बात करते हुए संकेत दिया था कि वे इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि राजनीतिक दलों के बीच सहमति की कमी के चलते उन्हें काम करने में कठिनाई हो रही है। इसके बाद गुरुवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में भी उन्होंने इसी प्रकार की भावना जाहिर की थी। हालांकि, बैठक में मौजूद उनके सलाहकारों ने उन्हें इस्तीफा न देने के लिए मनाया।

# भारतीय राजदूत ने खारिज किया ट्रंप का दावा, कहा- पाकिस्तान के अनुरोध पर हुआ संघर्ष विराम

**मॉस्को ।** उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के अनुरोध पर संघर्ष विराम किया गया था।

इससे पहले ट्रंप के दावे को लेकर डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा कि जब ऐसा कुछ होता है, तो कई राष्ट्राध्यक्ष एक-दूसरे से बात करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि स्वतंत्र देश स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हैं कि उन्हें क्या करना है।

### आतंक को जवाब भारत के पास एकमात्र विकल्प

मॉस्को में ऑपरेशन सिंदूर पर डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा कि भारत के पास जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। लेकिन जब भारत ने जवाब दिया, तो हमने जिम्मेदारी से जवाब दिया। हमने सुनिश्चित किया कि कोई भी नागरिक प्रभावित न हो, सैन्य ठिकानों को कोई नुकसान न पहुंचे। हमने केवल उन प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जहां आतंकवादी पनाह लेते थे और प्रशिक्षित थे। उन्होंने जवाबी कार्रवाई जारी रखी, गुरुद्वारों, मंदिरों, आवासीय क्षेत्रों जहां भारतीय नागरिक रहते थे और यहां तक कि हमारे सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया।




**भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में मध्यस्थता करने के दावे को रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने भी खारिज कर दिया**

# कीव पर हमले के बीच रूस-यूक्रेन ने की कैदियों की अदला-बदली, दोनों देशों से 307 सैनिक रिहा

**कीव ।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने 307 और सैनिकों को वापस बुलाया। जबकि एक दिन पहले दोनों पक्षों ने 390 लोगों को रिहा किया था।

पिछले हफ्ते इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत के पहले चरण में सैकड़ों सैनिकों और नागरिकों की अदला-बदली की गई। यह समझौता तीन साल पुराने युद्ध में युद्ध विराम तक पहुंचने के असफल प्रयासों के बीच सहयोग जैसा था। शुक्रवार से दोनों देशों के बीच शुरू हुई कैदियों की अदला-बदली एक जटिल अदला-बदली का पहला चरण था। इस दौरान दोनों पक्षों के 1,000 कैदियों की अदला-बदली की गई। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि पहले चरण में 390 यूक्रेनियन वापस लाए गए। सप्ताहांत में और रिहाई की उम्मीद है जो इसे युद्ध का सबसे बड़ा बदलाव बना देगा। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसे यूक्रेन से भी इतने ही लोग वापस मिले हैं। एक यूक्रेनी अधिकारी के अनुसार यह अदला-बदली उत्तरी यूक्रेन में बेलारूस की सीमा पर हुई। अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। उन्हें सार्वजनिक रूप से बोलने का अधिकार नहीं था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रिहा किये गये रूसियों को चिकित्सा उपचार के लिए बेलारूस ले जाया गया है।



**रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम असफल रहने के बाद हमले जारी हैं। शनिवार सुबह रूस ने यूक्रेन ड्रोन और मिसाइल से हमला किया। इस बीच दोनों देशों ने सैकड़ों और कैदियों की अदला बदली की। दोनों देशों से 307 सैनिक रिहा किए गए**

हालांकि, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक युद्ध बंदियों की दर्जनों अदला-बदलियों के बाद भी दोनों पक्षों के बीच लड़ाई में कोई रुकावट नहीं आई है। हालिया अदला-बदली के दौरान भी लगभग 1,000 किलोमीटर लंबी अग्रिम पंक्ति पर लड़ाई जारी रही। जहां हजारों सैनिक मारे गए और दोनों देशों में से किसी ने भी अपने हमलों में नरमी नहीं दिखाई। प्रत्येक पक्ष की ओर से 1,000 कैदियों की अदला-बदली का समझौता पिछले सप्ताह इस्तांबुल में दो घंटे की वार्ता के बाद हुआ। यह तीन साल से अधिक समय में दोनों पक्षों के बीच पहली प्रत्यक्ष वार्ता थी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को कहा था कि अगले दौर की वार्ता के लिए स्थल पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है क्योंकि कूटनीतिक पैंतरेबाजी जारी है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि कैदियों की अदला-बदली की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद मॉस्को यूक्रेन को एक मसौदा दस्तावेज देगा, जिसमें एक टिकाऊ, दीर्घकालिक, व्यापक शांति समझौते के लिए अपनी शर्तें बताई जाएंगी।

# हमारा संकल्प आतंकवाद को समाप्त करना सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का बयान

**एनसीपी।** आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया को एक होकर लड़ना चाहिए लेकिन वैसा हो नहीं रहा है। भारतीयों पर जिस तरीके से हमला हुआ हम उसकी निंदा करते हैं। हम दुनिया को सच्चाई बताएंगे।'

द्रमुक सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल अअढ सांसद डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने कहा, 'भारत एक शांतिपूर्ण देश है। वसुधैव कुटुम्बकम - पूरा विश्व एक परिवार है - यह हमारा आदर्श वाक्य है, और प्रधानमंत्री मोदी इसका सख्ती से पालन करते हैं...पहलगाम में 26 लोग मारे गए, लेकिन इससे भी अधिक दुखद यह था कि उन्हें धर्म के आधार पर और उनके परिवारों के सामने मारा गया... यह पाकिस्तान द्वारा धर्म के आधार पर दहशत और दुश्मनी पैदा करने का प्रयास था। लेकिन, वे सफल नहीं हो सके'।

**संघर्ष विराम का श्रेय ट्रंप के लेने पर कनिमोझी ने दिया जवाब :** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने का श्रेय लेने पर, डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा, 'जब ऐसा कुछ होता है, तो कई राष्ट्राध्यक्ष एक-दूसरे से बात करते हैं... लेकिन, मुझे लगता है कि स्वतंत्र देश स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हैं कि उन्हें क्या करना है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का जापान दौरा पूरा जनता दल (यू) के सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी जापान यात्रा पूरी कर ली है। जानकारी के मुताबिक ये दल जल्द ही दक्षिण कोरिया के लिए रवाना होगा। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का जापान दौरा पूरा जापान दौरे के आखिरी दिन सांसद संजय कुमार झा ने कहा, 'हमने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी टोक्यो यात्रा की शुरूआत की और आज हम रास बिहारी बोस सिमेट्री आए हैं।

हमारी यहां की यात्रा का समापन हो रहा है। हमने यहां 2 दिनों में 14-15 बैठकें कीं, सांसदों, थिंक टैंक, नेताओं, भारतीय समुदाय के साथ बातचीत की। मुझे लगता है कि हम लगभग उस उद्देश्य को सामने रखने में सक्षम रहे जिसके लिए हमारा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल यहां आया था। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी गई कि हमारी सेना ने केवल आतंकी ठिकानों को सटीकता से निशाना बनाया, भारत का भविष्य का रुख स्पष्ट किया गया कि अगर पाकिस्तान भविष्य में आतंकी गतिविधि करता है तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और सिंधु जल संधि जो निलंबित की गई है, उसके बारे में भी बताया गया। अब हम सिंगापुर, मलेशिया और अन्य देशों में जाएंगे और हम इन बातों को वहां भी सामने रखेंगे।'



**नेता और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रुप सात की नेता सुप्रिया सुले ने कहा, 'हमारा ग्रुप आज रात चार देशों के लिए रवाना हो रहा है। बड़ी विनम्रता से हम देशों को सच्चाई बताएंगे कि हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है। जो आतंकवादी हमला भारत पर हुआ उसका जवाब भारत ने सच्चाई से दिया। हमारी इतनी ही इच्छा है कि देश दुनिया में अमन और शांति रहे**

### मनीष तिवारी ने पाकिस्तान पर निशाना साधा

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी, एनसीपी-एसपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के तहत शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। यह प्रतिनिधिमंडल भारत के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के पक्ष को वैश्विक मंच पर पहुंचाने के प्रयास के रूप में मिस्त्र, कतर, इथियोपिया और दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। एयरपोर्ट पर बोलते हुए तिवारी ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर भारत की स्थिति को दुनिया के सामने रखेगा और आतंकवाद और दुष्प्रचार के रास्ते पर चलने वाले पाकिस्तान को बेनकाब करेगा। पिछले 45 सालों पर गौर करें- पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देता रहा है। पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को पूर्ण समर्थन देना उसके अपने देश में एक अपराध है, जहां आतंकवादियों को प्रशिक्षित किया जाता है, हथियार दिए जाते हैं और भारत में आतंक फैलाने के लिए सीमा पार भेजा जाता है।

# मोहम्मद यूनुस ने बुलाई अंतरिम कैबिनेट की औचक बैठक



**ढाका ।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को एक आपात बैठक बुलाई है। यह बैठक तब हो रही है जब सरकार, सेना और राजनीतिक दलों के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूनुस ने इस्तीफे की इच्छा जताई है क्योंकि उन्हें राजनीतिक दलों के बीच सहमति की कमी के चलते काम करने में कठिनाई हो रही है। यूनुस ने ये बात गुरुवार को छात्र-नेतृत्व वाली 'नेशनल सिटिजन पार्टी' (एनसीपी) के नेताओं से चर्चा में कही थी। उन्होंने कहा कि 'स्थिति ऐसी हो गई है कि अब काम करना मुश्किल हो गया है'। इससे पहले कैबिनेट की बैठक में भी उन्होंने इस्तीफे की बात कही थी।

मोहम्मद यूनुस शनिवार को अपने सलाहकारों (जो मंत्री के समान होते हैं) के साथ बैठक कर रहे हैं। इसके बाद उनका पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के नेताओं से मुलाकात का कार्यक्रम है। बीएनपी के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हमें मुख्य सलाहकार कार्यालय से मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है।

# सुहेलदेव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने किया व्यापारियों से संवाद



गाजियाबाद करंट क्राइम। सुहेलदेव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर शनिवार को ईस्ट मॉडल टाउन में व्यापारी नेता तथा समाजसेवी राम अवतार जिंदल के आवास पर आये। यहां पर पार्टी के व्यापार प्रकोष्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। ओमप्रकाश राजभर ने व्यापारी नेताओं से व्यापारी नीतियों को लेकर बात की। यहां समरकूल चेयरमेन संजीव गुप्ता, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मैदी वाले, अनिल अग्रवाल सावंरिया, अनिल गर्ग सेनेट्री वाले , अशोक अग्रवाल, लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अतुल कुमार जैन, आलोक गर्ग ने ओमप्रकाश राजभर से व्यापारिक मुद्दों को लेकर चर्चा की।

## प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने आपदा पीड़ित दिलों का दर्द बांटा और सहायता प्रदान की

### आंधी-तूफान के कारण दिवंगत हुए व्यक्तियों के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में शनिवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने 21 मई 2025 को आए आंधी-तूफान के कारण दिवंगत हुए व्यक्तियों के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान की।

इस अवसर पर मंत्री असीम अरुण के साथ विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, रजापुर ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी डैनी, महानगर महामंत्री सुशील गौतम, जिला महामंत्री जितेन्द्र चित्तौड़ा, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, अमित रंजन सहित पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मंत्री असीम अरुण दोपहर 12:30 बजे मधुबन बापूधाम पहुंचे, जहाँ उन्होंने मुजम्मिल पुत्र उस्मान (आयु 40 वर्ष), निवासी ग्राम रसूलपुर सिकरोड, ब्लॉक रजापुर, थाना मसूरी के परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। मुजम्मिल की मृत्यु पेड़ गिरने से हुई थी। इसके पश्चात दोपहर 1:30 बजे मंत्री ग्राम खोडा पहुँचे, जहाँ उन्होंने भानु देवी पत्नी रविन्द्र, निवासी ग्राम खोडा, तहसील एवं जनपद गाजियाबाद के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। भानु देवी की मृत्यु दीवार गिरने से हुई थी।

मंत्री श्री असीम अरुण ने सहायता राशि प्रदान करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत एवं सहायता की समस्त प्रक्रियाएं पारदर्शी और त्वरित हों। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि दिवंगतों के बच्चों को शिक्षा एवं भत्ता, विधवा पेंशन आदि की सुविधाएं अविलंब सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने पुनः दोहराया कि भाजपा सरकार हर नागरिक की सुरक्षा, सम्मान और सहयोग के लिए कृतसंकल्प है।

#### यह केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि हमारा मानवीय कर्तव्य है : असीम अरुण

करंट क्राइम। इस अवसर पर मंत्री असीम अरुण ने कहा, उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'सेवा ही परम धर्म' के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। आपदा की इस घड़ी में सरकार शोक-संतप्त परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हमने सुनिश्चित किया है कि राहत और मुआवजा राशि शीघ्र पीड़ितों को पहुंचे। यह केवल प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि हमारा मानवीय कर्तव्य है।

#### सभी भाजपा जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवारों के साथ : अजीत पाल त्यागी

विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा, प्रदेश सरकार संवेदनशीलता और तत्परता के साथ आपदा प्रभावित नागरिकों के साथ खड़ी है। हम सभी जनप्रतिनिधि इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ हैं और समुचित सहायता सुनिश्चित कर रहे हैं।

#### भाजपा का हर कार्यकर्ता मानवीय कार्यों के लिए तत्पर : मयंक गोयल

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा कार्यों के लिए समर्पित है और हर स्तर का पदाधिकारी आमजन की सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की शताब्दी स्मृति अभियान के तहत गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर होगी प्रदर्शनी आयोजित

### लोकमाता का जीवन भारतीय संस्कृति, सेवा, धर्म और न्याय की अद्वितीय मिसाल : मयंक गोयल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाए जा रहे लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की तीसरी शताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य यात्रियों एवं आमजन को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन एवं आदर्शों से परिचित कराना है। प्रदर्शनी रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्ग पर स्थापित की जाएगी, जिससे विभिन्न गंतव्यों पर जाने वाले यात्रियों को अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादायी जीवन के विषय में जानकारी प्राप्त हो सकेगी। यह आयोजन उनके जीवन के महान कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा तथा 300वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी अवसर प्रदान करेगा। प्रदर्शनी की समुचित व्यवस्था एवं संचालन की तैयारी की समीक्षा हेतु भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, अभियान संयोजक गुंजन शर्मा, विनोद कसाना गौरव चोपड़ा , बलराम रावल, भूपेश शर्मा,,मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्त तैयारियों का जायजा लिया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन भारतीय संस्कृति, सेवा, धर्म और न्याय की अद्वितीय मिसाल है।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गाजियाबाद नगर निगम ने मचाई धूम

### पेरिस में ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड की कार्रवाई को सराहा गया, निगम को किया गया सम्मानित

### गाजियाबाद को प्राप्त ग्लोबल वाटर अवार्ड को नगर आयुक्त ने मुख्यमंत्री को किया समर्पित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भूगर्भ जल संचयन तथा शोधित जल के सदुपयोग हेतु चल रहे कार्यों के क्रम में भारत का पहला ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट सफल हो रहा है, वसुंधरा क्षेत्र में बन रहे 40 एमएलडी के टर्शरी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को शोधित जल आपूर्ति का कार्य प्रबलता से चल रहा है जिसकी प्रशंसा अंतर्राष्ट्रीय स्थल पर हुई है।

पेरिस में आयोजित कार्यक्रम में ग्लोबल वाटर अवार्ड गाजियाबाद को मिला है। वी ए टेक वबाग लिमिटेड के द्वारा प्राप्त किया गया। नगर आयुक्त द्वारा ग्लोबल वाटर अवार्ड माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात करते हुए उनको भेंट किया गया साथ ही गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जल संचयन तथा शोधित जल के उपयोग हेतु किये जा रहे कार्यों को बताया गया।

#### गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भूगर्भ जल संरक्षण हेतु किए जा रहा कार्य प्रशंसनीय, साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को मिलेगा लाभ : मुख्यमंत्री योगी

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों की प्रशंसा की गई साथ ही शहर हित में भूगर्भ जल संरक्षण के लिए चल रहे कार्यों को भी सराहा गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा अन्य टीम को साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की भांति अन्य औद्योगिक क्षेत्र को भी शोधित जल उपलब्ध कराया जाए तथा भूगर्भ जल संरक्षण की कार्यवाही को बढ़ाया जाए निर्देश दिए गए।

#### शहर हित में शोधित जल का उपयोग और अधिक बढ़ाएगा निगम : महापौर सुनीता दयाल



करंट क्राइम। महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा भूगर्भ जल संरक्षण के क्रम में ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट के द्वारा साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की जलापूर्ति का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है जिस प्रकार साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र शोधित जल का उपयोग करते हुए भूगर्भ जल का संरक्षण करेगी। इस प्रकार अन्य औद्योगिक क्षेत्र जैसे कि मोहन नगर व राजेंद्र नगर औद्योगिक क्षेत्र में भी शोधित जल आपूर्ति का कार्य करने की योजना है गाजियाबाद नगर निगम अधिकारी शोधित जल का उपयोग निर्माण कार्यों में उद्यान कार्यों में स्वास्थ्य विभाग कार्यों में करें जिससे भूगर्भ जल संरक्षण होगा तथा शोधित जल का सदुपयोग हो सकेगा टीम को निर्देश दिए गए हैं साथ ही गाजियाबाद की सरहाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई शहर वासियों को शुभकामनाएं दी गई हैं।

नगर आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी की योजनाओं के क्रम में तथा महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट को पूर्ण करने की स्थिति में है जिसके क्रम में 40 एमएलडी का टीएसटीपी प्लांट तैयार हो चुका है, जिसकी लागत लगभग 319 करोड़ है जिसके माध्यम से जल को शोधित करते हुए औद्योगिक क्षेत्र के लिए उपयोगी बनाया जा रहा है जिसमें कई विदेशी उपकरणों का उपयोग भी किया गया है। 1500 औद्योगिक इकाई जो कि साहिबाबाद क्षेत्र के अंतर्गत है उनको शोधित जल उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें से लगभग 900 औद्योगिक क्षेत्र के कनेक्शन हो चुके हैं शेष पर कार्यवाही जारी है। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र द्वारा भूगर्भ जल का उपयोग किया जा रहा था। ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट के सफल संचालन पर भूगर्भ जल को संरक्षित किया गया है तथा शोधित जल का उपयोग औद्योगिक क्षेत्र तक पहुंचाने का कार्य जलकल विभाग कर रहा है जिसकी सरहाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की गई है।

## व्यापारियों ने खाई कसम, दुश्मन देशों के साथ नहीं करेंगे व्यापार

### पं. अशोक भारतीय ने कहा, सिर्फ मित्र देशों के साथ ही बिजनेस करें



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कविनगर रामलीला मैदान के जानकी सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के निर्देश पर व्यापारियों के विदेशी सामान के बहिष्कार की शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। आमंत्रित अतिथियों व मुख्य अतिथि सुनील सिंघी के साथ राष्ट्रीय व्यापार मंडल की पदाधिकारी की टीम का नेतृत्व करते हुए पंडित अशोक भारतीय ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा, चीन, पाकिस्तान, अजरबैजान, एहसान फरामोश तुर्की उर्फ ठरकी जैसे देशों का सामान ना खरीदना न बेचने तथा अपने बच्चों को भी विदेशी सामान का बहिष्कार करने की अपील की। यदि बच्चे नहीं मानेंगे तो उन्हें अपनी संपत्ति से बेदखल करने तथा सूई से लेकर कार तक की सभी चीज स्वदेशी इस्तेमाल करने की अपील की। पं. अशोक भारतीय ने आगे कहा, सिर्फ मित्र देशों के साथ ही बिजनेस करें।

इस अवसर पर पंडित अशोक भारतीय के साथ संदीप त्यागी रसम, डा ओ पी अग्रवाल, सौरभ यादव, आशु पंडित, अंकुर अग्रवाल, प्रदीप चौधरी, प्रवीण भाटी, जितेंद्र त्यागी आदि सहित अनेक व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मां एक शब्द नहीं अपितु अपनेआप में संतान के लिए पूरा संसार है। मां प्रथम देवता है मां संस्कार की प्रथम पाठशाला है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को बचपन में ही सेवा समर्पण के संस्कार अपनी मां से मिले। वह आज भी अपनी मां का हाथ थाम कर चलते हैं। बचपन में सुनील शर्मा जिद करते थे और मां उसे मान लेती थी। अब जब मां ने जिद की तो बेटे ने तुरंत मान। मां ने कहा कि गंगा स्नान करना है और वह भी ऋषिकेश और हरिद्वार में। एक बेटे ने फिर कुछ नहीं देखा अपनी मां के सम्मान और प्यार में। मां शब्द की महिमा को अपने आप में समेटे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।